हिंदी दैनिक ए एल सी

सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संख्याः - PRGI Reg No : DLHIN/26/A3197

नवभारत उजाला न्यूज़

Email: info@alcnavbharatujalanews.com

›› देश से लेकर आपके शहर तक

वर्ष - 01 अंक - 70 गुरुवार 17 सितंबर 2026 दिल्ली ,उत्तराखंड ,और उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी समाचारपत्र। पृष्ठ - 08 मूल्य -02 रुपए

रूस पर शिकंजा कसने वाला बिल अमेरिकी संसद से पास: भारत-चीन पर 100% तक टैरिफ का खतरा; क्या है मामला?



दुनिया - अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों से जुड़े विधेयक को 262-159 वोटों से पारित कर दिया है और अब यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास है। विधेयक रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस खरीदने वाले तीसरे देशों पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाने का अधिकार देता है, जिससे भारत और चीन पर संभावित असर की चर्चा है। क्या है पूरा मामला? जानिए...

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को रूस और ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने वाले एक बड़े विधेयक को मंजूरी दे दी। 262 सांसदों ने इसके पक्ष में और 159 ने विरोध में मतदान किया। 61 पन्नों वाले इस विधेयक को अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा गया है। यह विधेयक पिछले महीने अमेरिकी सीनेट में भी 86-11 वोटों से पारित हो चुका है। इसका नाम लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 रखा गया है। यह नाम जुलाई में अप्रत्याशित रूप से दिवंगत हुए सीनेटर लिंडसे ग्राहम के सम्मान में रखा गया है, जो रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के प्रमुख समर्थकों में रहे थे।

रूस के खिलाफ इस विधेयक में क्या प्रावधान है?

विधेयक का सबसे अहम निशाना रूस का ऊर्जा क्षेत्र है। इसका मकसद रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े देशों पर आर्थिक दबाव बनाकर उसकी ऊर्जा से होने वाली कमाई घटाना है। इस कानून के तहत राष्ट्रपति को रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस खरीदने वाले तीसरे देशों के सामान पर शुल्क लगाने का अधिकार मिल सकता है। इनमें चीन और भारत जैसे देश भी प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों का घोषित उद्देश्य रूस की उन आय के स्रोतों को कम करना है, जिनसे यूक्रेन के खिलाफ 2022 से जारी युद्ध को फंड किया जा रहा है।

सात अहम बातें जो समझना जरूरी है:-

राष्ट्रपति को रूस से बड़ी मात्रा में ऊर्जा खरीदने वाले तीसरे देशों पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाने का अधिकार मिल सकता है।

सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के अनुसार, यह प्रावधान 2025 के विधेयक में प्रस्तावित 500 फीसदी शुल्क के मुकाबले अधिक सीमित है।

रूस के प्राकृतिक गैस निर्यात का 15 फीसदी से कम आयात करने वाले और रूसी ऊर्जा पर निर्भरता घटाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने वाले देशों के लिए छूट का प्रावधान है।

अटलांटिक काउंसिल के अनुसार, चीन अगर रूसी तेल खरीदना जारी रखता है तो उसके सामान पर राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाया जा सकता है।

सोशल मीडिया की लत और एआई से बनी अश्लील तस्वीरों पर चिंता

विधेयक में रूसी सरकारी अधिकारियों, अरबपतियों, उनके परिवार के कुछ सदस्यों और रूसी वित्तीय संस्थानों को भी निशाना बनाने का प्रावधान है।

ट्रंप के अनुरोध पर विधेयक में ईरान के हथियार और ऊर्जा क्षेत्रों की फंडिंग कम करने के उद्देश्य से प्रतिबंध लगाने के अधिकार को भी बढ़ाया गया है।

भारत पर अभी 100 फीसदी शुल्क नहीं लगाया गया है।

सार संक्षेप

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भूटानी समकक्ष से की मुलाकात




थिंपू। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को भुमथांग में भूटान के विदेश मंत्री ल्योनपो डी.एन. धुंग्येल के साथ बातचीत की और दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापक सहयोग की समीक्षा की। मुलाकात की वीडियो क्लिप और मुख्य बातों को विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा, 'भूटान के विदेश मंत्री ल्योंपो डी. एन. धुंग्येल से मिलकर और व्यापक सहयोग की समीक्षा करके बहुत खुशी हुई। बुमथांग के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक केंद्र में मेरी मेहमान नवाजी करने के लिए उनका धन्यवाद।

डीयू में हॉस्टल की मांग को लेकर युवा कांग्रेस का मार्च



नई दिल्ली। युवा कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए सुरक्षित, किफायती और पर्याप्त हॉस्टल सुविधाओं की मांग को लेकर मार्च निकाला। मार्च में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और दिल्ली युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर श्री चिब ने छात्रों से संवाद कर हॉस्टल की कमी, बढ़ते किराए, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सुनीं। मार्च आर्ट्स फैकल्टी से शुरू होकर किरोड़ीमल कॉलेज पर समाप्त हुआ।

न्यूजीलैंड की संसद ने भारत के साथ समझौते पर लगाई मुहर



नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की संसद ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अपनी अंतिम मंजूरी प्रदान कर दी है। दोनों देशों ने अप्रैल 2026 में एफटीए पर हस्ताक्षर किए थे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इस समझौते पर संसद पर मुहर लगने के बाद एक पोस्ट में लिखा कि इस ऐतिहासिक समझौते से न्यूजीलैंड के लोगों के लिए रोजगार और आमदनी में वृद्धि होगी। इससे न्यूजीलैंड के अधिक उत्पादों के लिए 1.4 अरब भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंच के द्वार खुलेंगे।

यूपीआई शुल्क को लेकर सरकार व विपक्ष में ठनी


कांग्रेस का अमेरिकी कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप

राहुल ने पीएम मोदी से की फैसला वापस लेने की मांग

नई दिल्ली,

यूपीआई मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर 0.4 फीसदी शुल्क पर सरकार भले सफाई दे रही हो, लेकिन विपक्ष समेत आम लोगों को भी हजम नहीं हो रही है। तीन कृषि कानूनों की तरह अब इस मुद्दे पर भी सरकार और विपक्ष में ठन गई है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी से इसे फैसले को वापस लेने की मांग की है। वहीं कांग्रेस की डिजिटल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने आरोप लगाया कि अमेरिकी कंपनियों को फाएदा पहुंचाने के लिए यूपीआई पर शुल्क लगाया गया है और इसकी वसूली भारत के आम लोगों से की जाएगी।

अमेरिकी पेमेंट कंपनियां लंबे समय से भारत की शून्य मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) का विरोध कर रही थीं, क्योंकि भारत में यूपीआई पेमेंट ऐप्स के मार्केट पर इन्हीं का कब्जा है। एमडीआर शुल्क से फोन पे और गूगल पे जैसी कंपनियों को फाएदा होगा। फोन पे के पास मार्केट की करीब 49 फीसदी हिस्सेदारी है और इसकी 72 फीसदी शेयरहोल्डिंग वालमार्ट के पास है। वहीं गूगल पे के पास 37.7 फीसदी शेयर है।



■ भाजपा समर्थक एमडीआर शुल्क के फायदे गिना रहे

यदि इन्हें जोड़ कर देखा जाए तो करीब 86 फीसदी मार्केट शेयर इन्हीं दो कंपनियों के पास है। पेटीएम के पास 8.3 फीसदी का शेयर है, जबकि बाकी में क्रेड व अमेजन पे आदि जैसी कंपनियां शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि यदि एमडीआर बढ़ा तो इससे इन अमेरिकी कंपनियों की ही तिजोरी भरेगी। सरकार की ओर से बताया जा रहा है कि इसका आम ग्राहकों से कोई मतलब नहीं है, क्योंकि यह तो व्यापारी से वसूला जाएगा। लेकिन सवाल उठता है कि शुल्क की राशि व्यापारी क्यों सहन करेगा? वह तो धीरे से कीमत में इजाफा कर देगा, जिसका असर लोगों की जेब पर पड़ेगा। सुप्रिया ने कहा कि हाल ही में थोक महंगाई का आंकड़ा आया है, जो करीब 10 फीसदी है। खाने पीने व जरूरी वस्तुओं की कीमतों में आग लगी हुई है। तेल और गैस की दाम ऊंचाईयों पर हैं। ऐसे समय में लोगों को राहत देने के बजाए उनकी तकलीफें और बढ़ाई जा रही हैं। यह सब कुछ अमेरिका के इशारे पर किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर जोरदार बहस चल रही है। वहीं भाजपा के समर्थक एमडीआर शुल्क के फायदे गिना रहे हैं।

सरकार ने विदेशी प्रभाव के आरोपों को किया खारिज

सरकार ने यूपीआई के माध्यम से 2,000 रुपए से ऊपर के मर्चेंट ट्रांजेक्शन पर शुल्क लगाने के फैसले का बचाव करते हुए इस फैसले के पीछे विदेशी प्रभाव के आरोपों को खारिज कर दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया पर लिखा, 'कुछ दावों में कहा जा रहा है कि यह बदलाव विदेशी प्रभाव में आकर किया गया है। यह गलत है।'

शहजाद भट्टी नेटवर्क आतंकी संगठन घोषित

गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शहजाद भट्टी नेटवर्क को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि शहजाद भट्टी नेटवर्क को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि यह नेटवर्क सीमा पार हथियार, विस्फोटक और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल है।

दिग्गज अभिनेता अनंत नाग को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा

नई दिल्ली,



भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए मिलेगा सम्मान

जाने माने अभिनेता अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में उनके उत्कृष्ट योगदान तथा कन्नड़ सिनेमा में कालजयी विरासत के लिए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाएगा। केंद्र सरकार ने बुधवार को इसकी घोषणा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि श्री अनंत नाग को यह पुरस्कार दादासाहेब फाल्के पुरस्कार चयन समिति की सिफारिश पर दिया जा रहा है। श्री अनंत नाग को गुजरात के केवड़िया में 22 सितम्बर को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में इससे सम्मानित किया जाएगा।

बयान में कहा गया है कि भारतीय सिनेमा में उनके 'उल्लेखनीय योगदान' तथा कन्नड़ सिनेमा में 'कालजयी विरासत' के सम्मान में उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है।

कन्नड़ सिनेमा के जाने-माने कलाकार

श्री अनंत नाग दशकों से कन्नड़ सिनेमा के जाने-माने कलाकार रहे हैं और उन्होंने दूसरी भारतीय भाषाओं की फ़िल्मों में भी काम किया है। उन्हें अपनी शानदार और अलग-अलग तरह के अभिनय एवं फिल्म जगत में लगातार योगदान के लिए पहचान मिली है। दादा साहब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा के विकास और तरक्की में योगदान के लिए सरकार की ओर से दिया जाने वाला सबसे बड़ा सम्मान है।

300 से ज्यादा फिल्मों में कर चुके काम

कन्नड़ सिनेमा के सबसे सम्मानित और दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं। अपने लंबे करियर के दौरान उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है, जिनमें 250 से ज्यादा कन्नड़ फिल्में शामिल हैं।

यूपीआई शुल्क: 0.4% एमडीआर पर लगेगा 18 फीसदी जीएसटी भी; केंद्र ने कहा- वापस नहीं लेंगे फैसला

यूपीआई के जरिये 2000 से अधिक के भुगतान पर 0.4 फीसदी मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने का चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। कारोबारी संगठनों ने सरकार से इसे वापस लेने की मांग की है। हालांकि सरकार ने साफ कर दिया है कि फैसला वापस नहीं होगा।



यूपीआई से 2000 रुपये से अधिक के भुगतान पर प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट को लेकर कारोबारी संगठनों और सरकार के बीच मतभेद सामने आए हैं। नई व्यवस्था के तहत सामान्य श्रेणी में 0.4 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा, जबकि कुछ क्षेत्रों और स्कूल फीस के लिए प्रति लेनदेन पांच रुपये की दर रखी गई है। टैक्स विशेषज्ञों के अनुसार शुल्क पर जीएसटी भी लागू होगा।

वहीं, बुधवार को टैक्स विशेषज्ञों ने यह खुलासा भी किया कि व्यापारियों को 0.4 फीसदी एमडीआर पर 18 फीसदी जीएसटी भी देना होगा। हालांकि, इसके बदले वे इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा कर पाएंगे जिससे उनका कुल टैक्स बोझ कम हो जाएगा। एनपीसीआई ने मंगलवार को यूपीआई भुगतान पर एमडीआर शुल्क की घोषणा की थी जिसकी अधिकतम सीमा 300 रुपये है। यह 15 अक्तूबर से लागू होगा।

एमडीआर को वापस नहीं लेगी केंद्र सरकार

सरकारी सूत्रों ने कहा, एमडीआर को वापस नहीं लिया जाएगा। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी से जब पूछा गया कि क्या सरकार एमडीआर को वापस लेने पर विचार कर रही है, तो उन्होंने कहा, फैसला लिया जा चुका है और इसे पलटने का सवाल नहीं है। अधिकारी ने कहा, संसद की वित्त मामलों की स्थायी समिति ने 32वीं रिपोर्ट में चेतावनी दी कि शून्य एमडीआर व्यवस्था सरकारी खजाने पर दबाव डालती है और इन्फ्रा में निवेश की क्षमता को सीमित करती है। इसलिए एक टिकाऊ राजस्व व्यवस्था बनाना जरूरी है।

इन श्रेणियों में 5 रुपये एमडीआर

रेलवे, टेलीकॉम सर्विस, इंश्योरेंस व फ्यूल जैसी खास श्रेणियों के कारोबारियों के लिए 2,000 रुपये से ज्यादा के भुगतान पर भी सिर्फ 5 रुपये का रियायती एमडीआर रेट लागू होगा। स्कूल फीस भुगतान भी 2000 से ज्यादा होने पर सिर्फ 5 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन एमडीआर लागू होगा।

एमडीआर लागू करने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

यूपीआई से 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर एमडीआर लगाने के केंद्र के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिका अधिवक्ता अंजन दत्ता ने दाखिल की है। उन्होंने कोर्ट से कहा कि नई व्यवस्था मनमानी व भेदभावपूर्ण है और इससे देश में कारोबारियों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा।

पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने वित्त मंत्रालय को भेजा पत्र

एमडीआर के खिलाफ ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है।





प्रेम कुमार द्वारा महिलाओं को अधिकार सुरक्षा कानूनों के प्रति किया जागरूक

दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला /मोविन हुसैन





मुरादाबाद। महिला सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 16 सितंबर 2026 को नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट एवं नागरिक एकता परिषद की ओर से बगिया कचहरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा, महिला अधिकारों तथा कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में एडवोकेट सायमा ने महिला सुरक्षा के विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों और उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल कानून बनाने से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि महिलाओं को कानून की जानकारी देकर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी आवश्यक है।

एडवोकेट नीरज त्यागी ने महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं को अपने संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। वहीं एडवोकेट योगेंद्र सिंह ने महिलाओं को न्याय पाने के लिए उपलब्ध कानूनी प्रक्रियाओं और अधिकारों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में पॉश (कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम) अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। प्रेम कुमार ने पॉश अभियान के उद्देश्य, कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता पर विचार रखते हुए कहा कि प्रत्येक महिला को सम्मानजनक और सुरक्षित कार्यस्थल मिलना उसका अधिकार है। उन्होंने कहा कि पॉश कानून के प्रति संस्थानों, कर्मचारियों और महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में एडवोकेट सबनूर की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन एवं महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सहयोग करते हुए महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी संरक्षण के संबंध में जानकारी देने में सहभागिता की।

वक्ताओं ने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए परिवार, समाज, संस्थानों और प्रशासन सभी की जिम्मेदारी है। महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देकर तथा शिकायतों के लिए सुरक्षित और प्रभावी व्यवस्था उपलब्ध कराकर ही सुरक्षित वातावरण बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, पॉश अधिनियम, महिला अधिकार और कानूनी जागरूकता को लेकर आगे भी अभियान चलाने पर जोर दिया गया। शबनूर एडबोकेट जैनब आरा एडबोकेट योगेंद सिंह एडबोकेट यास्मीन परवीन एडबोकेट सायमा एडबोकेट अरशाल बी एडबोकेट नीरज त्यागी एडबोकेट इरशाद अंसारी दूर संचार विभाग

विक्रम सिंह को मिला भारत के सबसे विश्वसनीय ई-कॉमर्स ट्रेनर का सम्मान

नई दिल्ली में अभिनेता चंकी पांडे ने किया सम्मानित

(मोविन हुसैन)



बिलारी । ई-कॉमर्स प्रशिक्षण, ऑनलाइन बिजनेस शिक्षा और डिजिटल मार्केटप्लेस के क्षेत्र में सक्रिय बिलारी क्षेत्र के विक्रम सिंह को उनके कार्य और योगदान के लिए भारत के सबसे विश्वसनीय ई-कॉमर्स ट्रेनर" के सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित 12 सितंबर को स्प्रिंग बिजनेस अवाड्र्स 2026 के दौरान प्रदान किया गया, जो एलीवेट ग्लोरी स्टार अवाड्र्स से संबद्ध आयोजन है।

नई दिल्ली के महफिल गोल्ड रेडिसन ब्लू होटल पश्चिम विहार में आयोजित इस विशेष समारोह में अभिनेता एवं फिल्म कलाकार चंकी पांडे ने विक्रम सिंह को यह सम्मान प्रदान किया। समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों, बिजनेस लीडर्स, स्टार्टअप फाउंडर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स को उनके कार्य एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। ई-कॉमर्स शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय पहचान विक्रम सिंह पिछले कई वर्षों से ई-कॉमर्स और ऑनलाइन बिजनेस के क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन से जुड़े हुए हैं। उनका मुख्य फोकस ऐसे लोगों को व्यावहारिक ई-कॉमर्स शिक्षा उपलब्ध कराना है, जो ऑनलाइन मार्केटप्लेस के माध्यम से अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं या अपने मौजूदा बिजनेस को आगे बढ़ाना चाहते हैं।उनके प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ॲंएङ्बल्ल, ङ्कंस'१३ और टीरैङ्ब जैसे प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बिजनेस शुरू करने और संचालित करने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया जाता है। इनमें प्रोडक्ट रिसर्च, प्रोडक्ट लिस्टिंग, कीवर्ड रिसर्च, लिस्टिंग ऑप्टिमाइजेशन, मार्केटप्लेस रएड, बिक्री बढ़ाने की रणनीति, डिजिटल मार्केटिंग, विज्ञापन, इन्वेंट्री मैनेजमेंट और ई-कॉमर्स बिजनेस ग्रोथ जैसे विषय प्रमुख हैं।विक्रम सिंह का कहना है कि ई-कॉमर्स में केवल प्लेटफॉर्म पर सेलर अकाउंट बनाना पर्याप्त नहीं है। किसी भी ऑनलाइन बिजनेस के लिए सही प्रोडक्ट चयन, प्रभावी लिस्टिंग, मार्केटप्लेस की कार्यप्रणाली को समझना, ग्राहक व्यवहार का विश्लेषण और सही बिजनेस रणनीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी व्यावहारिक दृष्टिकोण को उनके प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रमुखता दी जाती है। विक्रम सिंह के अनुसार, उन्होंने अब तक 11,000 से अधिक विद्यार्थियों और ई-कॉमर्स सीखने वाले लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। उनके प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल तकनीकी जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को वास्तविक मार्केटप्लेस बिजनेस को समझने और व्यावहारिक स्तर पर काम करने के लिए तैयार करना है।

उनके द्वारा साझा किए गए प्रशिक्षण आंकड़ों के अनुसार, उनके कार्यक्रमों से 99.9 प्रतिशत सकारात्मक प्रशिक्षण परिणाम प्राप्त हुए हैं। उनके प्रशिक्षण समुदाय में नए ई-कॉमर्स उद्यमियों के साथ-साथ ऐसे मौजूदा सेलर्स भी शामिल हैं, जो अपने ऑनलाइन बिजनेस की बिक्री, लिस्टिंग और मार्केटप्लेस प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों का विश्वास और उनके द्वारा प्राप्त किए गए व्यावहारिक परिणाम हैं। उनके अनुसार, यह सम्मान उन्हें ई-कॉमर्स शिक्षा को और अधिक प्रभावी, व्यावहारिक और परिणाम-केंद्रित बनाने के लिए प्रेरित करता है।

चंकी पांडे द्वारा सम्मानित किया जाना विक्रम सिंह के लिए इस सम्मान की विशेष बात यह भी रही कि अभिनेता चंकी पांडे ने स्वयं उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। समारोह के दौरान उन्हें ह्लट्ब्ब२३ ळ१४२ईीउङ्बीश्री ळ१ल्ली१ ल्ल क्ल्ल्ह्रि के सम्मान से सम्मानित किया गया।विक्रम सिंह के लिए यह सम्मान ई-कॉमर्स ट्रेनिंग और ऑनलाइन बिजनेस एजुकेशन के क्षेत्र में उनके लगातार किए जा रहे कार्यों की एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक पहचान के रूप में सामने आया है।

समाजसेवी मोहनलाल शर्मा द्वारा योगशाला को उपयोगी माइक रीडर स्टैंड

दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला /मोविन हुसैन



बिलारी : नगर शाहबाद रोड स्थित योगशाला योग परिवार संगठन के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल शर्मा द्वारा उपयोगी भेंट भगवान श्री गणेश महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत योग परिवार संगठन के लिए अपनी ओर से बहु उपयोगी रीडर स्टैंड, माइक स्टैंड योग परिवार द्वारा आयोजित अनेक कार्यक्रमों में उपयोग करने के लिए उपहार स्वरूप योगशाला को भेंट किया

इस अवसर पर योग परिवार संगठन द्वारा सामूहिक रूप सनातन धर्म के प्रचारक समाजसेवी मोहनलाल शर्मा का मुख्य योग शिक्षक निहाल सिंह लाठर के नेतृत्व में सम्मान पट्टिका पहना कर अभिनंदन किया गया

कार्यक्रम में सभी योग साधकों ने मोहनलाल शर्मा द्वारा समाज में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की

कार्यक्रम में बोलते हुए योग शिक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा की वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में आ चुके मोहनलाल शर्मा हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है

उम्र के इस पड़ाव पर भी मोहनलाल शर्मा अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए समर्पित है और सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ-साथ योग परिवार, योगशाला और योगा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं

कार्यक्रम में चौधरी वृत पाल सिंह राकेश कुमार चंद्रवंशी संजीव सिंघल राकेश गुप्ता सराफ बाबूलाल चक्रवर्ती राम प्रताप सिंह संजय सक्सेना आदि ने भी अपने विचार रखें

लोनी में संपत्ति धोखाधड़ी के मामले बढ़े, 13 भूमाफिया चिह्नित



गाजियाबाद। लोनी क्षेत्र में संपत्ति बेचने के नाम पर धोखाधड़ी के सबसे अधिक मामले सामने आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान जिले में 13 भूमाफिया चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 10 आरोपी लोनी तहसील क्षेत्र से संबंधित बताए गए हैं।

प्रशासन द्वारा भूमाफिया को चिह्नित किए जाने के बाद अब लोगों की नजर आगे होने वाली कार्रवाई पर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संपत्ति के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि आम लोगों को ठगी से बचाया जा सके। चिह्नित आरोपियों के खिलाफ प्रशासन की ओर से कार्रवाई कब शुरू होगी, यह देखने वाली बात होगी। लोगों ने जिलाधिकारी से मामले में जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोप, जेवर बेचकर खरीदी थार



टूंडला। डेटिंग एप के माध्यम से युवती से पहचान बढ़ाकर शादी का झांसा देने, दुष्कर्म करने और उसके करीब 17 तोले सोने के आभूषण हड़पने के आरोप में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से थार गाड़ी भी बरामद की है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के अनुसार करीब दो माह पूर्व उसकी पहचान योगेश निवासी बलीपुर तपस्या, थाना फरिहा से डेटिंग एप के माध्यम से हुई थी। युवती का आरोप है कि योगेश ने खुद को अविवाहित और एमबीबीएस डॉक्टर बताकर उससे शादी करने का वादा किया और कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान जरूरत बताकर उसने करीब 17 तोले सोने के आभूषण भी ले लिए।

आरोप है कि युवक ने आभूषण बेचकर 14 अगस्त को अपनी पत्नी अर्चना के नाम से थार गाड़ी खरीदी। युवती द्वारा शादी के लिए दबाव बनाने और आभूषण वापस मांगने पर आरोपी ने उसे कथित रूप से धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने मंगलवार को थाने में आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई।

पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर बुधवार सुबह करीब आठ बजे आरोपी को रेलवे माल गोदाम के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से थार गाड़ी भी बरामद हुई है। इंस्पेक्टर बैजनाथ सिंह ने बताया कि आरोपी के संबंध में अन्य युवतियों से ठगी और शोषण की शिकायतों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की जांच जारी है।

क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को कराया अबगत



दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला /मोविन हुसैन

बिलारी : भाकियू तोमर द्वारा किसान दिवस जिला कलेक्टर सभागार मुरादाबाद में संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी किसान दिवस में पहुंचे ।*

ओर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई सभी कार्यकताओं ने एक ज्ञापन जिला अधिकारी महोदय को सौंपा, *जिसमें उपस्थित रहे:- अनूप कुमार मिश्रा जिला अध्यक्ष मुरादाबाद जी, फहीम अंसारी युवा जिला प्रभारी मुरादाबाद, विक्की प्रजापति महानगर सचिव मुरादाबाद, ग्राम अध्यक्ष सहसपुर फैसल अंसारी, आशिक ग्राम अध्यक्ष चांदपुर, एवं अन्य किसान साथी मौजूद रहे।।भारतीय किसान यूनियन तोमर जिंदाबाद

चौधरी संजीव तोमर जी जिंदाबाद

काशिद हुसैन मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद जिंदाबाद

अनूप कुमार मिश्रा जिला अध्यक्ष मुरादाबाद जिंदाबादकिसान मजदूर एकता जिंदाबाद

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से स्वरोजगार के अवसरों की दी जानकारी



टूंडला। राजकीय फल संरक्षण केंद्र टूंडला, फिरोजाबाद के प्रभारी के निर्देशन में मुख्यमंत्री ग्राम स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन विकासखंड नारखी के ग्राम रैपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हुकम सिंह यादव ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक मनोज कुमार दीक्षित, जेएस कॉलेज के प्रवक्ता नागेंद्र यादव एवं गोविंद कुमार ने लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने तथा खाद्य पदार्थों को सुरक्षित रखने के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान लाभार्थियों को स्टेशनरी किट भी वितरित की गई।

कार्यालय प्रभारी शैलेंद्र कुमार वर्मा ने अचार उद्योग, दाल उद्योग, डेयरी उद्योग, मसाला उद्योग, मिनी तेल मिल, आटा मिल आदि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में उपयोग होने वाली मशीनों की जानकारी दी। उन्होंने मशीनों की खरीद पर विभाग द्वारा दिए जाने वाले अनुदान तथा पीएमएफएमई (प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम) योजना के संबंध में भी लाभार्थियों को जानकारी दी।

16 सितंबर को प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद लाभार्थियों को प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

ओबीसी आरक्षण के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग ने जुटाए आंकड़े ग्रामीण क्षेत्रों की सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक स्थिति की ली जानकारी



फिरोजाबाद। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के राजनीतिक प्रतिनिधित्व और आरक्षण का उचित प्रतिशत निर्धारित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम ने बुधवार को फिरोजाबाद जनपद का दौरा किया। आयोग के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों, ब्लॉक प्रमुखों, ग्राम प्रधानों और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जनपद के आंकड़े, सुझाव और साक्ष्य जुटाए।

आयोग के सदस्यों ने बताया कि स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की स्थिति का आकलन करने के लिए 18 मई 2026 को डेडीकेटेड कमीशन का गठन किया गया है। आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में वैज्ञानिक तरीके से आंकड़े एकत्रित कर उनका सत्यापन किया जा रहा है। इसके बाद रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत की जाएगी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से ओबीसी वर्ग का आरक्षण उसकी जनसंख्या के अनुपात में बढ़ाए जाने की मांग रखी। आयोग के सदस्यों ने बताया कि उच्च न्यायालयों के दिशा-निर्देशों और ट्रिपल टेस्ट फामूर्ले के आधार पर संस्तुतियां तैयार की जा रही हैं। बैठक में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत अनुसूचित जाति को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिए जाने तथा एससी और ओबीसी के संयुक्त आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा से संबंधित प्रावधानों पर भी चर्चा हुई।

2011 की जनगणना के आंकड़ों पर चर्चा

बैठक के दौरान वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर फिरोजाबाद के ग्रामीण एवं पंचायत क्षेत्रों की जनसंख्या के आंकड़ों पर चर्चा की गई। बताया गया कि जिले की कुल ग्रामीण जनसंख्या 16 लाख 31 हजार 306 है, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या 11 लाख 12 हजार 725 बताई गई, जो कुल ग्रामीण जनसंख्या का करीब 68 प्रतिशत है।

आयोग के सदस्यों ने ब्लॉक प्रमुखों, ग्राम प्रधानों और अन्य जनप्रतिनिधियों से ग्रामीण क्षेत्रों की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति का फीडबैक लिया। विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने अपने क्षेत्रों की जनसांख्यिकी तथा ओबीसी और एससी आबादी से संबंधित विवरण प्रस्तुत किए।

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के सीमित साधन, कृषि पर अत्यधिक निर्भरता और मौसमी आपदाएं आर्थिक पिछड़ेपन के प्रमुख कारण हैं। इसके अलावा उच्च शिक्षा के लिए अधिक दूरी और आर्थिक तंगी भी ग्रामीण युवाओं के सामने बड़ी चुनौती है।

जनप्रतिनिधियों ने त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था में पिछड़ा वर्ग आरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे निरंतर बनाए रखने और पात्र वर्गों को इसका पूर्ण लाभ दिए जाने का अनुरोध किया।

आयोग के सदस्यों ने प्रतिनिधियों और ग्राम प्रधानों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना तथा आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों और क्षेत्र की वास्तविक सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन कर आयोग के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। इसके आधार पर पात्र वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने की संस्तुति की जाएगी। बैठक में आयोग के सदस्य बृजेश कुमार, अरविंद कुमार चौरसिया, एसपी सिंह, संतोष कुमार, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

एक मुश्त समाधान योजना 15 दिसंबर तक लागू नगर पालिका परिषद बिलारी

दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला /मोविन हुसैन

बिलारी। नगर पालिका परिषद बिलारी द्वारा एक मुश्त समाधान योजना 15 अगस्त 26 से 15 दिसंबर 26 तक लागू हैं जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन करने के अंतिम तिथि 14 नवंबर 2026 तक है के माध्यम से समस्त बकाया धनराशि जमा करने पर ब्याज पर शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी।

उक्त जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने बताया कि इस संबंध में 18 सितंबर को नगर पालिका परिषद बिलारी की ओर से गृहकर, जलकर, को ओटीएस के माध्यम से जमा करने हेतु 12 प्रतिशत छूट के संबंध में विशेष में विशेष कैंप का आयोजन नगर पालिका परिषद बिलारी में किया जा रहा है। गृहकर दाताओं से अपील है कि अपने अपने भवनों का गृहकर, जलकर की बकाया धनराशि का शत-प्रतिशत भुगतान कर ओटीएस का लाभ उठायें।

121 नामों की सूची में नगर क्षेत्र के बीईओ की जगह सहायक अध्यापक कर्ण सिंह धाकड़ का नाम देख चौंके शिक्षक-कर्मचारी,

सोमवार को आगरा के शिक्षा विभाग में अचानक हलचल मचा दी। शासन से जारी खंड शिक्षाधिकारियों के स्थानांतरण के अनुमोदन पत्र में नगर क्षेत्र के खंड शिक्षाधिकारी सुमित कुमार की जगह एक सहायक अध्यापक का नाम दर्ज हो गया। सूची सामने आते ही विभाग में चचाओं का दौर शुरू हो गया कि आखिर नगर क्षेत्र का नया खंड शिक्षाधिकारी कौन है।

शासन स्तर से सोमवार को प्रदेशभर के 121 खंड शिक्षाधिकारियों के स्थानांतरण से संबंधित अनुमोदन पत्र जारी किया गया।

सूची देखने के बाद विभागीय कर्मचारियों के बीच एक-दूसरे से सवाल-जवाब शुरू हो गए। किसी को समझ नहीं आया कि नगर क्षेत्र में तैनात खंड शिक्षाधिकारी सुमित कुमार की जगह कर्ण सिंह धाकड़ का नाम कैसे आ गया। मामला इसलिए भी चौंकाने वाला था क्योंकि सुमित कुमार पिछले तीन साल से अधिक समय से नगर क्षेत्र में खंड शिक्षाधिकारी के पद पर तैनात हैं। ऐसे में अचानक ट्रांसफर अनुमोदन सूची में उनके स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति का नाम देखकर विभागीय अधिकारी और कर्मचारी भी जानकारी जुटाने लगे

नगर क्षेत्र के खंड शिक्षाधिकारी सुमित कुमार पिछले तीन साल से अधिक समय से इस पद पर तैनात हैं। ऐसे में उनके स्थान पर सहायक अध्यापक कर्ण सिंह धाकड़ का नाम सामने आना विभाग के लिए भी असहज स्थिति बन गया। फिलहाल संशोधित सूची जारी होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई है, लेकिन एक ही दिन में जारी सूची और फिर उसके संशोधन ने शिक्षा विभाग में कई सवाल छोड़ दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि बीईओ के स्थानांतरण की सूची तैयार करते समय इतनी बड़ी चूक आखिर कैसे हो गई?

शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच दिनभर इसी बात की चर्चा रही कि आखिर शासन को भेजी गई जानकारी में यह नाम किस स्तर पर दर्ज हुआ और बिना सत्यापन के सूची में कैसे पहुंच गया। हालांकि, कुछ घंटे के भीतर संशोधित पत्र जारी कर गलती को सुधार लिया गया, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर चचाओं को जरूर हवा दे दी है।

बापू नगर के 200 से ज्यादा परिवारों को नोटिस नहर की जमीन पर अवैध कब्जे का हवाला

आज रामजीलाल सुमन करेंगे मुलाकात।

खंदारी के बापू नगर में दशकों से अपने घरों में रह रहे 200 से ज्यादा परिवारों के सामने अब उजड़ने का संकट खड़ा हो गया है। सिंचाई विभाग की ओर से मकान खाली करने के नोटिस दिए जाने के बाद पूरे इलाके में खलबली मची हुई है।

मकान खाली करने के नोटिस मिलने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। कई महिलाएं अपने घरों के बाहर धरने पर बैठ गई हैं।

स्थानीय परिवारों का दावा है कि उनके घरों में वर्षों से बिजली के कनेक्शन हैं और नगर निगम को हाउस टैक्स भी जमा किया जाता रहा है। लोगों का कहना है कि यदि उनके मकान अवैध थे तो इतने वर्षों तक सरकारी विभागों की ओर से उन्हें रहने और कर जमा करने की प्रक्रिया कैसे चलती रही?

पूरे विवाद में फिलहाल दो अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं। सिंचाई विभाग का कहना है कि जमीन विभाग की है और उस पर अवैध कब्जा कर निर्माण किए गए हैं। वहीं स्थानीय परिवार अपने दशकों पुराने निवास और बिजली कनेक्शन व हाउस टैक्स जैसे दस्तावेजों का हवाला देकर कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे में अब असली सवाल जमीन के स्वामित्व और कब्जे की कानूनी स्थिति को लेकर है। स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन पहले उनके दस्तावेजों की जांच करे और उन्हें अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाए।

सपा नेता सोमेश गुप्ता ने लोगों के साथ खड़े रहने और उनकी लड़ाई लड़ने का भरोसा दिया। वहीं, सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन भी सोमवार शाम बापू नगर पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे। वह लोगों की समस्याएं सुनने के साथ मामले को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

अब देखने वाली बात होगी कि सिंचाई विभाग नोटिस के बाद आगे क्या कार्रवाई करता है और सरकार 200 से ज्यादा परिवारों के आशियाने बचाने के लिए कोई बीच का रास्ता निकालती है या नहीं।

स्वामी हरिदास जी महाराज के आविर्भाव महोत्सव में हुआ विशेष महाअभिषेक

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और साध्वी निरंजन ज्योति ने संतों से लिया आशीर्वाद

दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/ संवाददाता



वृंदावन। रसिक संत एवं संगीत साधक स्वामी हरिदास जी महाराज के 546वें आविर्भाव महोत्सव के चौथे दिन बुधवार को श्रीधाम वृंदावन स्थित श्री स्वामी हरिदासीय रसोपासना पीठ आश्रम में विशेष महाअभिषेक आयोजित किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज के सान्निध्य में हुए कार्यक्रम में साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।महाअभिषेक के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्वामी हरिदास जी महाराज का पूजन-अर्चन किया गया। आश्रम परिसर में दिनभर धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम चलते रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संतों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और स्वामी हरिदास जी महाराज की भक्ति एवं साधना परंपरा का स्मरण किया।

महोत्सव में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा की वरिष्ठ नेत्री साध्वी निरंजन ज्योति भी आश्रम पहुंचीं। दोनों ने महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। आश्रम के साधु-संतों ने अतिथियों का शॉल, पटका और प्रसादी भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज के आध्यात्मिक एवं साहित्यिक योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा करीब 90 ग्रंथों की रचना किया जाना उल्लेखनीय है। उन्होंने हरिदासीय संप्रदाय की परंपरा और विचारधारा को आगे बढ़ाने में उनके योगदान की भी चर्चा की।मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से राजनीतिक विषयों को लेकर सवाल किए गए, लेकिन उन्होंने राजनीतिक मुद्दों पर टिप्पणी करने से परहेज किया।आयोजकों के अनुसार सात दिवसीय आविर्भाव महोत्सव के आगामी दिनों में भी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव को लेकर आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है।

शॉर्ट सर्किट से हैंडीक्राफ्ट फैक्टरी में लगी आग, तीन दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

नूरपुर की सफा अखदर फैक्टरी में करीब एक घंटे तक चला आग बुझाने का काम, कोई हताहत नहीं

दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/संवाददाता



कुंदरकी। नूरपुर स्थित सफा अखदर हैंडीक्राफ्ट फैक्टरी में मंगलवार दोपहर अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग फैक्टरी के उस हिस्से में लगी थी, जहां रंगाई के लिए तैयार हैंडीक्राफ्ट का सामान रखा हुआ था। सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।फैक्टरी मालिक मुहम्मद शारिक के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे विद्युत तार में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगी। तार के आसपास रंगाई के लिए तैयार हैंडीक्राफ्ट सामान रखा था, जिसके चलते आग तेजी से फैलने लगी। आग की लपटें और धुआं उठता देख फैक्टरी में मौजूद कर्मचारियों और आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई।लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती देख पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के साथ ही उसे फैक्टरी के दूसरे हिस्सों और आसपास के क्षेत्र में फैलने से रोकने का प्रयास किया।फैक्टरी में लोहे, एल्युमिनियम और अन्य धातुओं से विभिन्न प्रकार के हैंडीक्राफ्ट सामान तैयार किए जाते हैं। आग से हुए नुकसान का फिलहाल आकलन किया जा रहा है।सीओ फायर ब्रिगेड राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद तीन दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

न्यायालय से जारी वारंट में फरार चल रहा 68 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

मगोर्रा पुलिस ने गांव सोसा से पकड़ा, आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई

दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/संवाददाता



मगोर्रा। न्यायालय से जारी वारंट में फरार चल रहे 68 वर्षीय आरोपी को मगोर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान गांव सोसा निवासी केशव पुत्र भजन लाल के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट अपर डिविजन, आगरा कैनाल, मथुरा की अदालत में केस संख्या 81/2018 चल रहा है। इसी मामले में न्यायालय की ओर से धारा 70 के तहत वारंट जारी किया गया था। वारंट जारी होने के बाद से आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर था।मामले में आरोपी की तलाश कर रही पुलिस टीम को सफलता मिली और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशन में एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत एवं क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मगोर्रा अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई।पुलिस टीम में चौकी प्रभारी पाली डूंगरा दुष्यंत कुमार कौशिक, कांस्टेबल वैभव शर्मा और सत्येंद्र कुमार शामिल रहे।

जनता ने मौका दिया तो अहलादपुर के विकास की बहा दूंगा गंगा

अहलादपुर से ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी हाजी अब्दुल सत्तार ने ग्रामीणों से किया विकास का वादा

दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/संवाददाता



अहलादपुर। ग्राम पंचायत अहलादपुर से ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी हाजी अब्दुल सत्तार ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए गांव के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि यदि जनता ने उन्हें सेवा का मौका दिया तो वह गांव के विकास के लिए पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य करेंगे।हाजी अब्दुल सत्तार ने कहा, ह्लअगर जनता ने मुझे मौका दिया तो गांव के विकास की गंगा बहा दूंगा।ह्व उन्होंने कहा कि गांव में सड़क, नाली, साफ-सफाई, पेयजल, जलभराव, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा।उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि ग्राम पंचायत के विकास के लिए सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास रहेगा। उनका कहना है कि गांव की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए छसंबंधित विभागों और अधिकारियों के समक्ष प्रभावी ढंग से बात रखी जाएगी।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग और समर्थन की अपील करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य ग्राम पंचायत को बेहतर सुविधाओं से जोड़ना और ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाना है।

मूंढापांडे में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, क्लीनिक सील

>> रौंड़ा चौराहे पर संचालित बताए जा रहे क्लीनिक पर हुई कार्रवाई, अन्य संचालकों में भी खलबली



दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/संवाददाता

मूंढापांडे। थाना मूंढापांडे क्षेत्र के रौंड़ा चौराहे पर संचालित बताए जा रहे एक क्लीनिक के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई की।सीएचसी मूंढापांडे प्रभारी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जांच-पड़ताल के बाद संबंधित क्लीनिक को सील कर दिया। कार्रवाई की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया गया कि क्षेत्र में कई अन्य क्लीनिकों के संचालन को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग को शिकायतें मिली थीं।शिकायतों के आधार पर विभाग की टीम जांच के लिए क्षेत्र में पहुंची। टीम के पहुंचने की जानकारी मिलते ही कुछ क्लीनिक संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद कर मौके से चले गए।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संबंधित क्लीनिक के संचालन और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। इसके बाद नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में संचालित अन्य क्लीनिकों को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है।स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्र में अन्य क्लीनिकों की भी जांच किए जाने की बात कही गई है। अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम मुंडिया मलूकपुर में PDA पंचायत व बूथ समीक्षा बैठक, हाजी रिजवान ने कार्यकताओं से किया जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान





दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/संवाददाता

मूंढापांडे। 29 कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड मूंढापांडे के ग्राम मुंडिया मलूकपुर में बुधवार को समाजवादी पार्टी की ओर से ढऊअ पंचायत एवं बूथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सपा के पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान ने कार्यकताओं के साथ संगठन की स्थिति और बूथ स्तर की तैयारियों को लेकर चर्चा की।बैठक के दौरान बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और गांव-गांव जनसंपर्क करने पर जोर दिया गया। कार्यकताओं से क्षेत्र के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने और उन्हें संगठन तक पहुंचाने की बात कही गई।हाजी मोहम्मद रिजवान ने कार्यकताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और बूथवार संगठन की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

परिक्रमा कर रही युवती पर हमला, नाक काटकर नोजपिन लूटी

गिरिराज परिक्रमा मार्ग पर सनसनी, मुंबई की श्रद्धालु घायल; आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/संवाददाता



मथुरा। गोवर्धन में गिरिराज महाराज की परिक्रमा कर रही मुंबई निवासी युवती पर एक युवक ने हमला कर दिया। बड़ी परिक्रमा मार्ग पर गिरिराज तलहटी के पास हुई घटना में आरोपी ने युवती को धक्का देकर गिरा दिया और गला दबाने के बाद उसकी नाक काटकर सोने की नोजपिन लूट ली। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल युवती को देखकर परिक्रमा मार्ग पर मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई।पीड़िता की पहचान मोनिका के रूप में हुई है। वह मुंबई की रहने वाली बताई गई है और पिछले करीब छह माह से गोवर्धन में रह रही है। युवती के अनुसार, वह प्रतिदिन गिरिराज की परिक्रमा करती है। सोमवार को परिक्रमा के दौरान करीब 25 वर्षीय युवक डंडा लेकर उसके पास आया और अचानक हमला कर दिया।आरोप है कि युवक ने युवती को जमीन पर गिराकर उसका गला दबाया और नाक पर काट लिया। इसके बाद नाक में पहनी सोने की नोजपिन लेकर फरार हो गया। हमले में युवती घायल हो गई और उसके चेहरे व कपड़ों पर खून लग गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवती की मदद की।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वारदात की जांच के लिए परिक्रमा मार्ग और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। पुलिस घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाकर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

वृंदावन में नाविकों पर हमले का आरोप, 10 से अधिक घायल

किराये को लेकर विवाद के बाद मारपीट का दावा, दो नाविकों की हालत गंभीर



दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/संवाददाता

वृंदावन। यमुना घाट पर नाव चलाने को लेकर हुए विवाद के बाद निषाद समाज के नाविकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। नाविकों का आरोप है कि किराये को लेकर हुए विवाद के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और धारदार हथियारों व सूजों से हमला कर दिया। घटना में 10 से अधिक नाविकों के घायल होने की बात कही जा रही है। इनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है।नाविकों के अनुसार, दोपहर करीब 12:30 बजे वे यमुना घाट पर नाव चला रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने नाव में बैठकर यमुना भ्रमण किया। आरोप है कि भ्रमण के बाद संबंधित लोगों ने किराया देने से इनकार कर दिया। किराया मांगने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद बड़ी संख्या में लोगों को मौके पर बुला लिया गया। इसके बाद नाविकों के साथ मारपीट शुरू कर दी गई। नाविकों का दावा है कि हमले में धारदार हथियार और सूजे का इस्तेमाल किया गया, जिससे कई लोग घायल हो गए।घायलों को उपचार के लिए सरकारी एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। नाविकों ने आरोप लगाया कि आगरा रेफर किए जा रहे घायल नाविकों के साथ रास्ते में भी मारपीट की गई। इस दौरान एंबुलेंस चालक के साथ मारपीट किए जाने का आरोप भी लगाया गया है।घटना के बाद नाविकों में रोष है। घायल नाविकों का उपचार कराया जा रहा है। मामले में पुलिस की ओर से जांच और कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही घटना के अन्य तथ्यों की पुष्टि हो सकेगी।

ईवीएम-वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच डीएम ने तैयारियों का लिया जायजा



दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/संवाददाता

मुरादाबाद। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत जिले में ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) 17 सितंबर से शुरू होगी। बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने एफएलसी की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हिमगिरी रोड स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुसार प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश, वेबकास्टिंग, आवश्यक रजिस्टर और अन्य संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एफएलसी की पूरी प्रक्रिया निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाए और सभी आवश्यक अभिलेखों का व्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।जिले में उपलब्ध 3,972 कंट्रोल यूनिट, 3,972 बैलेट यूनिट और 3,972 वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच की जाएगी। यह जांच बीएचईएल, बेंगलुरु के तकनीकी इंजीनियरों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की देखरेख में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी। जांच के दौरान मशीनों की कार्यशीलता और तकनीकी स्थिति का परीक्षण किया जाएगा।एफएलसी की प्रक्रिया प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और राजनीतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों को एफएलसी के अवलोकन के लिए आमंत्रित किया गया है। अधिकृत प्रतिनिधि निर्धारित समय में उपस्थित होकर प्रक्रिया देख सकेंगे।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एफएलसी के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के सभी मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया की निगरानी जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से भी की जाएगी।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती संगीता गौतम समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मैनाठेर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील



दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/ संवाददाता

मैनाठेर। थाना क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मैनाठेर थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। थाना प्रभारी किरनपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे के मुख्य बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त की।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। थाना प्रभारी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था प्रभावित करने या अराजकता फैलाने का प्रयास करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की पैदल गश्त के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया गया।

निपुण भारत अभियान में गुणवत्ता पर जोर, एक सप्ताह में सभी पीएमश्री विद्यालयों की पैमाइश के निर्देश

दैनिक ए एल सी नवभारत उजाला/ संवाददाता



मुरादाबाद। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निपुण भारत अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएमश्री विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में संतृप्तीकरण के निर्धारित बिंदुओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने विद्यालयों में आरओ युक्त शुद्ध पेयजल, समरसेबल की शत-प्रतिशत उपलब्धता और संचालन सुनिश्चित कराने के साथ बाउंड्रीवाल निर्माण को मिशन मोड में पूरा कराने को कहा। पीएमश्री विद्यालयों तक जाने वाले मार्गों को सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने तथा प्रत्येक मार्ग पर संबंधित बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। कक्षा-कक्षों में पर्याप्त प्रकाश और पंखों की व्यवस्था के लिए दो पंखे तथा दो ट्यूबलाइट या एलईडी बल्ब अनिवार्य रूप से लगाने को कहा।उन्होंने विद्यालयों में टाइल्स कार्य की गुणवत्ता सुधारने, बरामदों में सुरक्षा के लिए जाल लगवाने, जल निकासी की उचित व्यवस्था और सोलर पैनल लगाने पर जोर दिया। विद्यालय परिसर की नालियों को ढकने, झूले, पार्क एवं सौंदर्यीकरण की व्यवस्था कराने के लिए क्षेत्र पंचायत को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी पीएमश्री विद्यालयों की पैमाइश एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विद्यालयों की पैमाइश संबंधी कार्यवाही एक माह के भीतर पूरी करने को कहा। विद्यालयों के आसपास उपलब्ध सरकारी भूमि को नियमानुसार विद्यालय के उपयोग में लाने तथा पैमाइश से संबंधित नजरी नक्शा, खतौनी एवं अन्य अभिलेख विद्यालय में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।उन्होंने विद्यालयों को अतिक्रमणमुक्त रखने, जर्जर भवनों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को नियमानुसार ध्वस्त कराने, व्यापक पौधरोपण और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने को कहा।मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालयह्व अभियान के तहत विद्यालय परिसरों को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक में सभी पीएमश्री विद्यालयों में खगोलीय प्रयोगशालाएं स्थापित करने और स्थापित प्रयोगशालाओं को विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से उपयोगी बनाने के निर्देश दिए गए। छतों तक जाने के लिए सुरक्षित सीढ़ियों की व्यवस्था तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने को भी कहा गया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निपुण भारत अभियान के तहत जनपद को प्रदेश के शीर्ष पांच जनपदों में बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बेहतर समन्वय और मिशन भावना के साथ कार्य करें तथा निपुण लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एआरपी, एसआरजी, पीएमश्री एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के शिक्षक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मोदी सरकार की लूट अब यूपीआई तक पहुंची: पॉल

कांग्रेस बोली डिजिटल भुगतान पर शुल्क लगाने की तैयारी जनता की जेब पर नया हमला

रांची, । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने यूपीआई लेन-देन पर संभावित एमडीआर/शुल्क लगाए जाने की खबरों पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि

- सीधे छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालेगा



जिस यूपीआई को सरकार ने देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया था, अब उसी पर शुल्क लगाने की तैयारी जनता के साथ एक और आर्थिक अन्याय है : सतीश पॉल मुंजनी, उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन कांग्रेस

मोदी सरकार की लूट अब आम आदमी की डिजिटल जेब तक पहुंच गई है।

श्री मुंजनी ने कहा कि जिस यूपीआई को सरकार ने देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया था, अब उसी पर शुल्क लगाने की तैयारी जनता के साथ एक और आर्थिक अन्याय है। उन्होंने कहा कि पहले 'नो फी ऑन यूपीआई' की बात कही जाती थी, लेकिन अब Rs2,000 तक के यूपीआई लेन-देन को शुल्क-मुक्त रखने और उससे ऊपर के मर्चेंट यूपीआई ट्रांजैक्शन पर एम डी आर लगाने की चर्चा सामने आ रही है। यदि यह लागू होता है तो यह सीधे छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालेगा। श्री मुंजनी ने सवाल किया कि आखिर यूपीआई को बढ़ावा देने के नाम पर देश को डिजिटल भुगतान की ओर धकेलने के बाद अब उसी डिजिटल व्यवस्था पर शुल्क लगाने की जरूरत क्यों पड़ रही है? उन्होंने कहा कि नोटबंदी के समय मोदी सरकार ने देश को कैशलेश इकोनामी और डिजिटल पेमेंट्स की ओर ले जाने का तर्क दिया था। करोड़ों लोगों ने सरकार के आह्वान पर डिजिटल भुगतान को अपनाया। आज जब यूपीआई देश की रोजमर्रा की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है, तब उस पर शुल्क लगाने की सोच जनता के विश्वास के साथ धोखा है।

उन्होंने कहा कि यदि Rs5,000 के लेन-देन पर Rs25 और Rs10,000 के लेन-देन पर Rs50 तक शुल्क वसूले जाने की खबरें सही हैं, तो सरकार को देश के सामने स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि वास्तविक प्रस्ताव क्या है, एमडीआर किस पर लगेगा और इसका अंतिम बोझ किस पर पड़ेगा।

एमडीआर का बोझ जनता की जेब पर ही पड़ेगा

सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि सरकार चाहे इसे एमडीआर कहे या कोई अन्य नाम दे, व्यापारी पर आने वाला अतिरिक्त खर्च अंतत: सामान और सेवाओं की कीमतों में शामिल होकर उपभोक्ता की जेब से ही निकलेगा। श्री मुंजनी ने कहा कि पहले से ही महँगाई और बेरोजगारी से परेशान आम जनता को राहत देने के बजाय केंद्र सरकार रोज नए तरीके से उसकी जेब पर बोझ डालने की तैयारी कर रही है।

महंगाई ने गरीब- मध्यम वर्ग से लेकर किसानों तक की कमर तोड़ी : जीतू पटवारी

भोपाल। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बढ़ती महंगाई को लेकर राज्य और केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उनका कहना है कि इस महंगाई ने हर वर्ग की कमर तोड़ कर रख दी है । कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने कहा है कि देश और मध्य प्रदेश के गरीब-मध्यम वर्ग और किसानों की कमर तोड़ देने वाली महंगाई ने भाजपा सत्ता के झूठे विकास के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि आम परिवारों की रसोई का बजट पूरी तरह से चरमरा गया है और गांव से लेकर शहर तक हर नागरिक इस कुप्रशासन का शिकार हो रहा है! बढ़ती महंगाई को लेकर पटवारी का कहना है कि देश की रिटेल महंगाई दर बढ़कर 4.82 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो बीते नवंबर के मुकाबले सात गुना बढ़ चुकी है। शहरी और ग्रामीण इलाकों की महंगाई की तुलना करते हुए पटवारी ने कहा है कि शहरों की तुलना में गांवों में महंगाई अधिक है । ग्रामीण इलाकों में रिटेल महंगाई 5.23 प्रतिशत दर्ज की गई है । रसोई के उपयोग में आने वाली सामग्री की कीमतों का जिक्र करते हुए पटवारी ने कहा है कि एक साल में प्याज 48.27 प्रतिशत , लहसुन 43.60 प्रतिशत , अदरक 73.82 प्रतिशत , चीनी 29.05 प्रतिशत तक महंगे हो चुके हैं। इसी तरह थोक महंगाई में भी बड़ा इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की महंगाई 47 महीने के सर्वोच्च स्तर पर है, जबकि थोक महंगाई दर भी बढ़कर 9.92 प्रतिशत हो गई है।



देश और मध्य प्रदेश के गरीब-मध्यम वर्ग और किसानों की कमर तोड़ देने वाली महंगाई ने भाजपा सत्ता के झूठे विकास के दावों की पोल खोल दी : जीतू पटवारी

भारत शांति, प्रगति व समृद्धि के लिए वैश्विक मंच पर मजबूत आवाज के तौर पर उभर रहा : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, । भारत के उपराष्ट्रपति और इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को नई दिल्ली के सप्रू हाउस में आईसीडब्ल्यू के 'राष्ट्रीय महत्व के संस्थान' के तौर पर 25वीं वर्षगांठ के समारोह को संबोधित किया।

उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि इंसानी तरक्की और दुनिया में शांति साथ-साथ चलनी चाहिए और यह तभी मुमकिन है जब देश एक-दूसरे की चिंताओं को समझें और आपसी फायदे के लिए मिलकर काम करें।

उपराष्ट्रपति ने ब्रिक्स समिट के सफल आयोजन के लिए विदेश मंत्री और आईसीडब्ल्यूएके उपाध्यक्ष डॉ. एस. जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और विदेश मंत्रालय की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि टकराव और विरोधाभासों से जूझ रही दुनिया में, 'नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन' को सर्वसम्मति से अपनाना एक बड़ी उपलब्धि थी।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कूटनीति का पहला मकसद देशों के बीच अच्छे संबंध बनाना है। इंसानी तरक्की और विश्व शांति साथ-साथ चलनी चाहिए, और यह तभी संभव है जब देश एक-दूसरे की चिंताओं को समझें और आपसी फायदे के लिए मिलकर काम करें। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका का जिक्र करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत शांति, तरक्की और खुशहाली के लिए एक मजबूत आवाज बनकर उभरा है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम' की बात पर जोर दिया और इस सोच को असल में लागू करने के उदाहरण के तौर पर कोविड संकट के दौरान 'वैक्सीन मैत्री', भारत की आपदा-प्रबंधन कोशिशों, 'लाइफ' और इंटरनेशनल सोलर अलायंस व ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस जैसी वैश्विक पहलों का जिक्र किया।



इंसानी तरक्की और दुनिया में शांति साथ-साथ चलनी चाहिए और यह तभी मुमकिन है जब देश एक-दूसरे की चिंताओं को समझें और आपसी फायदे के लिए मिलकर काम करें : सीपी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति

- आईसीडब्ल्यू के 'राष्ट्रीय महत्व के संस्थान' के तौर पर 25वीं वर्षगांठ के समारोह को किया संबोधित

उपराष्ट्रपति ने यूपीआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में भारत की उपलब्धियों पर जोर देते हुए कहा कि 'पारदर्शी पेमेंट सिस्टम से पारदर्शी गवर्नेंस आती है।' उन्होंने कहा कि भारत आईटीईसी और शैक्षिक सहयोग के जरिए ग्लोबल साउथ के साथ अपनी तकनीकी और संस्थागत क्षमताएं साझा कर रहा है, जिसमें जांजीबार में भारत के बाहर पहला आईटीआई कैंपस भी शामिल है। सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि बदलते वैश्विक माहौल ने आईसीडब्ल्यू की भूमिका को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट', 'एक्ट ईस्ट', 'ग्लोबल साउथ' और 'इंडो-पैसिफिक' प्राथमिकताओं पर रिसर्च को मजबूत करना; साइबर सिक्योरिटी, स्पेस, अहम टेक्नोलॉजी और ग्लोबल सप्लाई चेन पर काम का दायरा बढ़ाना; यूनिवर्सिटी और युवा स्कॉलर्स के साथ जुड़ाव को गहरा करना और दुनिया के मामलों पर भरोसेमंद जानकारी का स्रोत बनना, जिसमें भारत का अपना सही नजरिया हो।

सार संक्षेप

केरल में बिजली कटौती पर घमासान, सतीशन सरकार विपक्ष के निशाने पर

तिरुवनंतपुरम। केरल में बिजली का संकट वीडी सतीशन सरकार के लिए पहली बड़ी राजनीतिक और प्रशासनिक चुनौती बन गया है। लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर वामपंथी विपक्ष ने सरकार पर हमला तेज कर दिया है और मौजूदा स्थिति की तुलना पिछले एक दशक से कर रहा है, जब केरल में निर्धारित बिजली कटौती से आमतौर पर लोगों को जूझना नहीं पड़ता था। बिजली मंत्री सनी जोसेफ ने मंगलवार को माना कि एनटीपीसी से करीब 30 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदने पर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। इससे हालात को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। मंत्री ने कहा कि इतनी महंगी बिजली खरीदने से राज्य पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा और इसके लिए कैबिनेट की मंजूरी लेनी होगी।

बिहार के ईंट भट्ठा मालिकों को बड़ी राहत

पटना। बिहार कैबिनेट ने ईंट भट्ठा मालिकों को बड़ी राहत दी है। इसके लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना लाया गया है। यानि सिर्फ मूल राशि जमा करने से, आपको बकायेदार की लिस्ट से बाहर कर दिया जाएगा। बिहार के ईंट भट्ठा मालिक जिनका 2024- 25 तक खान एवं भूतत्व विभाग का पैसा बकाया है, उनके बकाया राशि जमा करने के लिए सरकार ने बड़ी पहल की है। वसूली के लिए जो कार्रवाई की जा रही है, उसमें कुल बकाया राशि में से ब्याज की राशि छोड़कर शेष राशि जमा करना है। इस स्थिति में नीलाम पत्र पदाधिकारी यह रिपोर्ट करेंगे कि अब देनदार पर कोई लोक मांग बकाया नहीं है । इस आलोक में नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा नीलम पत्रवाद का निस्तारण किया जाएगा। वन टाइम सेटलमेंट योजना की अवधि 3 माह की होगी। इस योजना से ईंट भट्ठा कारोबारियों को राहत मिलेगा। साथ ही सरकार को कम समय में काफी राजस्व प्राप्त हो सकेगा।

भाजपा अध्यक्ष आज मुंबई और पुणे के गणेश पंडालों और मंदिरों का दौरा करेंगे

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बुधवार को महाराष्ट्र की एक दिवसीय धार्मिक और आध्यात्मिक यात्रा पर निकलेंगे। वे चल रहे गणेशोत्सव समारोह के दौरान मुंबई और पुणे के प्रमुख गणेश पंडालों और मंदिरों का दर्शन करेंगे। पवित्र गणेशोत्सव के शुभ अवसर पर नवीन दोनों शहरों के कई प्रमुख पूजा स्थलों और गणेश पंडालों में जाकर विघ्नहर्ता भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, वे महाराष्ट्र और पूरे देश की शांति, समृद्धि और समग्र कल्याण के लिए प्रार्थना करेंगे। नवीन के मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुबह 10:20 बजे पहुंचने का कार्यक्रम है।

भारत डिफेंस एक्सपोर्टर बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा आगे : राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ-उद्योग समन्वय बैठक 'विमर्श 2026' को किया सम्बोधित

नई दिल्ली, । भारत आज आयातक से रक्षा निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंगलवार को यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि बीते कुछ वर्षों में स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत में नवाचार के नए ध्वजवाहक बनकर उभरे हैं। यही छोटे उद्यम नए विचारों और नई प्रौद्योगिकियों को जन्म देते हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इनके लिए ऐसा ढांचा तैयार किया है, जिसके माध्यम से स्टार्टअप और एमएसएमई सीधे डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं के साथ संवाद कर सकते हैं। डीप टेक व विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में काम करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में आयोजित डीआरडीओ-उद्योग समन्वय बैठक 'विमर्श 2026' में बोल रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में एमएसएमई और स्टार्टअप की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये उद्यम बड़े रक्षा तंत्रों के घटक व उप-तंत्रों से लेकर अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी तक विकसित कर रहे हैं। अब डीआरडीओ व उद्योगों की साझेदारी केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। रिसर्च, डिजाइन, परीक्षण, प्रमाणन और विनिर्माण की पूरी श्रृंखला में साझेदारी बढ़ानी होगी। बड़े उद्योगों के साथ एमएसएमई व स्टार्टअप को भी रक्षा आपूर्ति श्रृंखला का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा।



कुछ वर्षों में स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत में नवाचार के नए ध्वजवाहक बनकर उभरे : राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री ने कहा, 'आज डीआरडीओ के पास ज्ञान और प्रौद्योगिकी है, इंडस्ट्री के पास विस्तार और विनिर्माण क्षमता है, स्टार्टअप के पास नवाचार और तेजी से काम करने की क्षमता है और हमारे युवाओं के पास नए भारत का सपना है।

राजस्थान निकाय चुनावों में बसपा को मिली 19 सीटें

नई दिल्ली, । राजस्थान में हुए नगर निकाय चुनावों में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को 19 सीटों पर जीत मिली है। प्रमुख मायावती ने मंगलवार को पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। मायावती ने कहा कि पार्टी और भी बेहतर नतीजे ला सकती थी, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी मशीनरी में गड़बड़ियों की वजह से रीकाउंटिंग के दौरान कई बसपा उम्मीदवार बहुत कम अंतर से हार गए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मायावती ने लिखा, 'राजस्थान में हुए नगर निकाय चुनावों में बसपा ने इस बार भी 19 सीटों पर अपने पार्षदों को जिताकर सफलता हासिल की है। सरकारी मशीनरी में गड़बड़ियों के कारण रीकाउंटिंग में कई उम्मीदवारों को बहुत कम वोटों के अंतर से जबरन हराया गया; वरना पार्टी यहां और भी बेहतर नतीजे ला सकती थी। इसके लिए पार्टी ने बसपा के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।'



- मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं को दी बधाई

बसपा प्रमुख ने यह भी बताया कि पार्टी ने पंजाब और कुछ अन्य राज्यों में हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में पहले से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, 'इससे पहले पंजाब और देश के कुछ अन्य राज्यों में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी ने पहले से बेहतर नतीजे हासिल किए हैं, और वे भी बधाई के पात्र हैं।'

केरल चुनाव में हार पर सीपीआई (एम) की बैठक

पिनराई विजयन की कार्यशैली पर उठे सवाल

कोझिकोड, । सीपीआई (एम) की राज्य समिति की विस्तारित बैठक मंगलवार को अपने आखिरी दिन में पहुंच गई। पार्टी को केरल में लगभग तीन दशकों से हावी रही नेतृत्व शैली को लेकर असामान्य रूप से खुलकर और तीखे आंतरिक सवालों का सामना करना पड़ रहा है और आलोचना के केंद्र में स्पष्ट रूप से पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन हैं।

चुनाव में वामपंथी दलों की जबरदस्त हार की समीक्षा के लिए बुलाई गई तीन दिन की बैठक में जिला कमेटियों और प्रतिनिधियों की ओर से अभूतपूर्व आलोचना देखने को मिली। आलोचना का ज्यादातर हिस्सा सीधे या परोक्ष रूप से विजयन के काम करने के तरीके पर केंद्रित था। विजयन 1998 में पहली बार राज्य सचिव बने और 2014 तक इस पद पर रहे, जिसके बाद 2016 से 2026 तक मुख्यमंत्री के तौर पर काम किया।



विजयन के खिलाफ प्रतिनिधियों की ओर से अभूतपूर्व आलोचना देखने को मिली

खबरों के अनुसार, कोल्लम जिला कमेटी ने दुनिया के अन्य हिस्सों में कम्युनिस्ट पार्टियों के पतन को उनके नेताओं के अहंकार से साफ तौर पर जोड़ा, जबकि कन्नूर कमेटी ने कहा कि एलडीएफ के शासन के दशक ने संगठन को कमजोर कर दिया है। 2026 के विधानसभा चुनाव अभियान में यह दावा करना कि एलडीएफ का कोई विकल्प नहीं है, इसकी भी आलोचना की गई और कहा गया कि इससे पार्टी को ही नुकसान पहुंचा।

यूसीसी पर घमासान के बीच जेडीयू ने क्लियर किया अपना स्टैंड

पटना, । यूनिफॉर्म सिविल कोड यूसीसी को लेकर बिहार में सियासी हलचल के बीच डिप्टी सीएम विजय चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अभी यूसीसी के प्रावधानों की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। प्रावधान स्पष्ट होने के बाद उनका अध्ययन किया जाएगा और उसी के आधार पर आगे का रुख तय होगा।



विजय चौधरी ने कहा कि यूसीसी को लेकर सामने आए बयान को उन्होंने पढ़ा है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इसके प्रावधान क्या होंगे। उन्होंने कहा कि पहले प्रावधानों को समझना जरूरी है, उसके बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है। डिप्टी सीएम ने बताया कि जेडीयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि प्रावधानों को आने दीजिए, उसके बाद देखा जाएगा कि उनसे किसी तरह की चिंता या परेशानी है या नहीं। अगर कोई आपत्ति या समस्या सामने आती है तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात कर उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि फिलहाल, यूसीसी के प्रावधानों की स्पष्ट जानकारी नहीं होने के कारण जेडीयू ने इस मुद्दे पर अपना अंतिम रुख तय नहीं किया है। पार्टी का कहना है कि प्रावधान सामने आने और उनका अध्ययन होने के बाद ही आगे की रणनीति तय की जाएगी।

पहाड़ों से रेगिस्तान तक भारत-अमेरिका की सेनाओं का 'युद्ध अभ्यास'

नई दिल्ली, । भारत और अमेरिका की सेनाएं एक बार फिर साथ मिलकर युद्ध कौशल और आधुनिक तकनीक की ताकत परख रही हैं। दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास 2026' का 22वां संस्करण मंगलवार को शुरू हुआ। इस बार इसकी खास बात यह है कि अभ्यास उत्तराखंड के ऊंचे पहाड़ी इलाके औली से लेकर राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज तक एक साथ चल रहा है।



संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास 2026' का 22वां संस्करण शुरू हुआ

औली में 14 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अमरेश गुंजन ने जवानों से संवाद किया। वहीं अमेरिकी सेना की 11वीं एयरबोर्न डिवीजन की पहली इन्फैंट्री ब्रिगेड कॉम्बैट टीम के कमांडर कर्नल बेंजामिन जैकमैन ने भी सैनिकों को संबोधित किया। अभ्यास में भारत और अमेरिका के करीब 600-600 सैन्यकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। इस अभ्यास में दोनों सेनाएं पहाड़ी और अर्ध-पहाड़ी इलाकों में एकीकृत युद्ध समूहों के संचालन की क्षमता को मजबूत करेंगी। खास तौर पर पैदल सेना आधारित अभियानों पर ध्यान दिया जाएगा। सैनिक अलग-अलग परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाकर अभियान चलाने की रणनीति और तकनीक का अभ्यास करेंगे।

'युद्ध अभ्यास 2026' में आधुनिक तकनीक भी केंद्र में है। सैनिक निगरानी और टोह लेने के लिए ड्रोन और स्वायत्त प्रणालियों का इस्तेमाल करेंगे।

बिहार में बाढ़ प्रभावित 8.27 लाख परिवारों के खातों में 579 करोड़ रुपए की राहत राशि भेजी गई

पटना, । बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित 8 लाख 27 हजार 472 परिवारों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 579.23 करोड़ रुपए की आनुग्रहिक राहत राशि अंतरित करने की प्रक्रिया शुरू की। प्रत्येक प्रभावित परिवार को 7 हजार रुपए की सहायता दी गई है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र प्रभावित परिवार सरकारी राहत से वंचित न रहे और यदि कोई परिवार सूची से छूट गया है तो उसे एक सप्ताह के भीतर राहत सूची में शामिल किया जाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बाढ़ की चुनौतीपूर्ण स्थिति में राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत, सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराना है। सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है और राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि राज्य के 15 जिले, 88 प्रखंड, 575 ग्राम पंचायत और 2,642 गांव तथा 21 शहरों के 136 वार्ड बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इससे करीब 50 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि लगभग 55 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाढ़ का असर पड़ा है। बाढ़ के कारण फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित लोगों तक भोजन पहुंचाने के लिए 1,200 से अधिक सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही हैं। इन रसोइयों के माध्यम से अब तक करीब 1.28 करोड़ थालियां परोसी जा चुकी हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में भोजन, पेयजल, दवा और अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता लगातार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की 21 टीमें लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।



- 575 ग्राम पंचायत और 2,642 गांव तथा 21 शहरों के 136 वार्ड बाढ़ से प्रभावित हुए
- प्रभावित परिवार को 7 हजार रुपए की सहायता दी गई

समान नागरिक संहिता 'डॉग व्हिसल पॉलिटिक्स': मनोज झा

राजद नेता ने यूसीसी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर दी तीखी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली, । राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यूसीसी उनके लिए संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं, बल्कि राजनीति का हिस्सा बन गया है। मनोज झा ने कहा, 'मैं लगातार इस पर लिख और बोल रहा हूं, लेकिन मुझे पता है कि यूसीसी इनके लिए कॉन्स्टिट्यूशनल प्रोविजन अंडर आर्टिकल 44 नहीं हुई है, बल्कि डॉग व्हिसल पॉलिटिक्स का हिस्सा है। बच्चे रोजगार मांगें तो यूसीसी ले लो, बच्चे ईमानदार परीक्षा व्यवस्था मांगें तो गृहमंत्री कहें कि यूसीसी ले लो।'



मोहन भागवत ने विदेश में कहा था कि यूनिटी के लिए यूनिफॉर्मिटी आवश्यक नहीं है। यह किसके लिए कहा था? विदेश की धरती पर बड़ा हृदय दिखाने के लिए या अपने लोगों को कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं। मेरी चिंता वहां है और कहीं नहीं : मनोज झा, सांसद (राजद)

दरअसल डॉग व्हिसल पॉलिटिक्स वह राजनीतिक भाषा है, जिसमें छिपे हुए संकेतों के जरिए किसी खास समूह तक संदेश पहुंचाया जाता है, जबकि सतही तौर पर वह संदेश सामान्य और स्वीकार्य दिखाई देता है। राजद के सांसद ने गृह मंत्री को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान की याद दिलाई। मनोज झा ने कहा, 'मैं याद कराना चाहूंगा गृहमंत्री को, शायद आर्काइव में चला गया होगा। अभी मोहन भागवत ने विदेश में कहा था कि यूनिटी के लिए यूनिफॉर्मिटी आवश्यक नहीं है। यह किसके लिए कहा था? विदेश की धरती पर बड़ा हृदय दिखाने के लिए या अपने लोगों को कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं। मेरी चिंता वहां है और कहीं नहीं।'

एलएसी पर चीन द्वारा सैनिकों की संख्या कम करने की खबरों पर पूछे गए सवाल पर मनोज झा ने कहा कि उन्होंने ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं देखी है। उन्होंने कहा, 'सूत्रों के हवाले से जो खबरें प्लांट होती हैं उस पर प्रतिक्रिया देना उचित नहीं है।' उन्होंने कहा कि भारत-चीन रिश्तों के बीच असली मुद्दा यह है कि प्रधानमंत्री ने गलवान के बारे में क्या बात की।

हमारी विदेश नीति को दूसरे देशों के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कई अहम मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने यूसीसी विवाद, चीन की ओर से भारतीय विदेश नीति की तारीफ और एलएसी पर तनाव कम होने की खबरों पर बात की। चीन द्वारा भारत की विदेश नीति की सराहना करने पर उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'हमारी विदेश नीति हमारी अपनी है। हम दूसरे देशों के सर्टिफिकेट क्यों देखते हैं? और इसमें खतरा यह है कि कल अगर चीन हमारी विदेश नीति के खिलाफ कुछ कहे, तो आप क्या करेंगे? इसलिए, मुझे नहीं लगता कि हमें दूसरे देशों द्वारा हमारी विदेश नीति के बारे में कही गई बातों को, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक, ज्यादा महत्व देना चाहिए।' यूसीसी को लेकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर आपके पास बहुमत है तो इसे संसद में लाइए। आप इसे अलग-अलग राज्यों में क्यों लागू कर रहे हैं? वैसे भी उनके अपने एनडीए में ही इस पर सहमति नहीं है।

वर्टिकल गार्डन में पौधे खराब, प्राधिकरण ने ठेकेदारों को दिया एक सप्ताह का समय

नोएडा, । शहर को हरा-भरा और खूबसूरत बनाने के लिए मेट्रो और एलिवेटेड रोड के पिलर पर बनाए गए वर्टिकल गार्डन अब रखरखाव के अभाव में खराब होने लगे हैं। कई जगह गार्डन में लगे पौधे सूख रहे हैं और हरियाली खत्म होती दिखाई दे रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

एसीईओ ने ठेकेदारों से जवाब मांगा है कि वर्टिकल गार्डन का नियमित मेंटेनेंस क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया है। इस अवधि में ठेकेदारों को गार्डन की स्थिति सुधारने और पौधों के रखरखाव को लेकर जवाब देना होगा। प्राधिकरण की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यदि जांच में सक्षम स्तर से लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को भी वर्टिकल गार्डन का निरीक्षण कर स्थिति की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

पिलर पर बनाए गए थे वर्टिकल गार्डन

नोएडा में शहर के अलग-अलग हिस्सों में मेट्रो पिलर और एलिवेटेड रोड के पिलर पर वर्टिकल गार्डन तैयार किए गए थे। इसका उद्देश्य शहर में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ पिलरों को आकर्षक बनाना था। इन गार्डन में अलग-अलग तरह के पौधे लगाए गए हैं। इनके निर्माण और पौधों के रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदारों को दी गई है। इसके बावजूद कई स्थानों पर पौधों की स्थिति खराब होने की शिकायत सामने आई है। समय पर पानी नहीं मिलने और नियमित देखभाल नहीं होने से पौधे खराब हो रहे हैं। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि शहर को सुंदर बनाने के लिए लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए इन गार्डन का रखरखाव भी उतना ही जरूरी है। यदि ठेकेदारों को मेंटेनेंस की जिम्मेदारी दी गई है तो उन्हें तय मानकों के अनुसार नियमित रूप से काम करना होगा।

डी-पार्क का काम धीमा

एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने डी-पार्क में चल रहे काम की भी समीक्षा की। काम की गति धीमी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारी को ठेकेदार कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं।

एसीईओ ने अधिकारियों से कहा कि विकास और सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ठेकेदारों को निर्धारित समयसीमा में काम पूरा करना होगा।

नोएडा की एलिवेटेड रोड पर हुआ गड्ढा

नोएडा। नोएडा के एमपी-2 रोड पर बनी एलिवेटेड रोड के सेक्टर-18 की ओर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जानकारी मिलते ही मौके पर सर्किल-2 के अधिकारी पहुंचे। गड्ढे के चारों ओर रोड को ब्लाक किया।



इस दौरान यहां जाम की स्थिति बनी। अब गड्ढे को रिपेयर कराया जा रहा है। प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि जिस स्थान पर गड्ढा हुआ है। वहां सीवर की लाइन लीकेज हुई थी। जिससे नीचे की मिट्टी बह गई। रिपेयर करने का काम शुरू करवा दिया गया है। पहले सीवर लीकेज को ठीक किया जाएगा। उसके बाद गड्ढे को भरकर पैचिंग वर्क किया जाएगा। ऐसा दोबारा न हो इसलिए हिदायत दी गई है। नोएडा की ये सबसे व्यस्त रोड है। जिस रोजाना लाखों वाहन गुजरते है। ऐसे में यहां बड़ा हादसा हो सकता था। लेकिन समय रहते जानकारी मिल गई। बताया गया कि दो दिन में गड्ढ़ो भर कर वर्क को पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान यातायात को यहां पर एक लेन से निकाला जाएगा। ये एलिवेटेड करीब 4.8 किमी लंबी है। जिसे करीब 400 करोड़ की लागत से तैयार किया गया था।

जीडीए की बड़ी कार्रवाई अवैध वेयरहाउस ध्वस्त

गाजियाबाद, । गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ अपना शिकंजा कसते हुए क्षेत्र में कड़ा रुख

■ कई दुकानें व गोदाम सील



अपनाया है। प्रवर्तन जोन-01 की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में भट्टा नंबर-5 रोड, वरदान रोड और ग्राम ढरगल में ताबड़तोड़ ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्रवाई की। प्रभारी प्रवर्तन जोन-01 के क्षेत्रान्तर्गत भट्टा नंबर-5 रोड पर दिग्विजय त्यागी और श्रवण कुमार द्वारा अवैध रूप से निर्मित वेयरहाउस पर जीडीए की टीम ने ध्वस्तीकरण की सख्त कार्रवाई की। कार्रवाई के अगले चरण में भट्टा नंबर-5 में बोबी तोमर, राज चौधरी, मुकेश चौधरी तथा ध्रुव चौधरी द्वारा निर्मित अवैध दुकानों को सील कर दिया गया। इसके अलावा वरदान रोड पर सौरभ चौधरी व कपिल चौधरी द्वारा निर्मित वेयरहाउस और ग्राम ढरगल में सौरभ चौधरी द्वारा निर्मित अवैध वेयरहाउस के खिलाफ भी सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया गया।



भारी विरोध के बीच पुलिस बल ने संभाला मोर्चा

कार्रवाई के दौरान निर्माणकर्ताओं और स्थानीय निवासियों द्वारा भारी विरोध प्रदर्शन किया गया। हालांकि, मौके पर मौजूद प्राधिकरण के पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ते ने स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया और शांतिपूर्ण ढंग से सीलिंग की प्रक्रिया पूरी कराई।

आगे भी जारी रहेगा अभियान

जीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत मानचित्र के किए जा रहे अवैध निर्माणों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राधिकरण का यह ध्वस्तीकरण और सीलिंग अभियान आगामी माह में भी लगातार जारी रहेगा।

सार संक्षेप

नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार हेमंत त्यागी



गाजियाबाद। वरिष्ठ पत्रकार हेमंत त्यागी का मंगलवार को निधन हो गया। हिंडन तट स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। हेमंत त्यागी वर्तमान में पीटीआई के संवाददाता के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले वह कई प्रमुख अखबारों में कार्य कर चुके थे। उनकी अंतिम यात्रा में शहर तमाम पत्रकार शामिल हुए।

ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

गाजियाबाद। थाना नंदग्राम क्षेत्र स्थित राज नगर एक्सटेंशन में एक सड़क हादसे में महिला का सर ट्रक के अगले पहिये के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर यह मौत हो गई। महिला स्कूटी पर सवार होकर जा रही थी। एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने बताया की मंगलवार के सुबह राज नगर एक्सटेंशन निवासी वरुण गुप्ता की पत्नी अमृत गुप्ता स्कूटी से कहीं जा रही थी। तभी तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। जिसके चलते उसका सर ट्रक के आगे के पहिये से कुचल गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरु की पुलिस ने आरोपित ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

एलिवेटेड रोड पर सिलेंडर से भरे ट्रक में लगी आग

नोएडा। नोएडा के एलिवेटेड रोड पर सेक्टर 33 के पास गैस सिलेंडर लेकर जा रहे ट्रक में आग लग गई। गनीमत रही की आग फैली नहीं। आग ट्रक के नीचले हिस्से में घषर्ण ज्यादा होने की वजह से लगी। मौके पर दमकल की दो गाड़ियों को भेजा गया। एलिवेटेड पर यातायात को रोका गया। करीब 20 मिनट में ही आग पर काबू पा लिया गया। ट्रक को सही सलामत एलिवेटेड के नीचे ले जाया गया। ट्रक के अंदर सिलेंडर भरे थे। आग पकड़ती तो बड़ा हादसा हो सकता था। बहरहाल आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाते ही यातायात को खोल दिया गया। ऐसे में कुछ देर के लिए लोगों को जाम की समस्या हुई। ड्राइवर के अनुसार सिलेंडर खाली थे। गाजियाबाद के मसूरी में से खाली करके दिल्ली के कालिंदी कुंज वापस जा रहा था ट्रक। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि करीब ढाई बजे के आस पास जानकारी मिली। जिसके बाद दो गाड़ियो को मोके पर भेजा गया। आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। कोई जनहानि नहीं है और न ही नुकसान हुआ है।

पीएफ अधिकारी बनकर बुजुर्ग से 10 लाख ठगे

नोएडा। साइबर ठगों ने पीएफ विभाग का अधिकारी बनकर एक बुजुर्ग के साथ जीवन प्रमाणपत्र ऑनलाइन जमा कराने के नाम पर दस लाख रुपए की ठगी कर ली। आरोपियों ने फोन कर उन्हें झांसे में लिया और बैंक खाते से रकम निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

सीजनल बीमारियों से परेशान मरीजों की प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भीड़

गाजियाबाद, । बारिश का मौसम खत्म होने के बाद सीजनल बीमारियों सर्दी खांसी जुकाम से लोग परेशान है। जहां एक तरफ मरीज निजी चिकित्सकों के क्लीनिकों पर जाकर उपचार करवाकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। विपरीत खोड़ा स्थित चारों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क इलाज के लिए मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीकाकरण के अलावा ओपीडी की सुविधा मिलने से गरीब और मजदूर तबके के मरीजों को बड़ी तादात में लाभ मिल रहा है। खोड़ा गांव स्थित 20 बिस्तरों वाले अस्पताल में संसाधनों के अभाव में ओटी सिजेरियन समेत कई सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। ऑपरेशन सिजेरियन व अन्य छोटी बीमारियों के लिए दिल्ली नोएडा के अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। वही दूसरी तरफ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर शुगर बी पी वायरल फीवर सर्दी जुकाम खांसी त्वचा से संबंधित रोगों का इलाज सहजता से मिल रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कई सुविधाओं के अभाव में भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार करवा रहे है।

नेहरू गार्डन स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ धनंजय तिवारी ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक ओपीडी में लगभग 105 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण करके दवाएं दी गई। उन्होंने बताया कि अभी हाल में एंटी रेबीज इंजेक्शन भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को उपलब्ध कराया गया है। कुत्तों बंदरों और बिल्लियों के हमले का एंटी रैबीज भी स्वास्थ्य केन्द्रों को जारी किया जाने लगा है।

जीडीए कार्यालय में इंजीनियर्स डे पर रक्तदान शिविर आयोजित

गाजियाबाद, । गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) कार्यालय परिसर में इंजीनियर्स डे के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रक्तदान से सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और आम जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

रक्तदान करने वाले कार्मिकों ने इसे एक अहम मानवीय और सामाजिक दायित्व बताया और अन्य लोगों को भी इस पुनीत कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सर एम. विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम की शुरुआत में अभियंताओं व अधिकारियों ने महान अभियंता एवं भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर देश के नवनिर्माण, ढांचागत विकास और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित उच्च मानकों को याद किया गया। शहर के सुनियोजित विकास में अभियंताओं का योगदान जीडीए अधिकारियों ने कहा कि किसी



■ सर विश्वेश्वरैया को नमन, अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया रक्तदान

भी शहर के सतत और सुनियोजित विकास की रीढ़ वहां के इंजीनियर होते हैं। गाजियाबाद के सर्वांगीण विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्राधिकरण के अभियंता निरंतर निष्ठापूर्वक अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

गाजियाबाद में कल से शुरू होगा 'सेवा संकल्प अभियान'

■ पार्षद व शहर वासियों के सहयोग से सफल होगा स्वच्छता का सेवा संकल्प अभियान : महापौर

■ गाजियाबाद में महापर्व के रूप में मनाया जाएगा सेवा संकल्प अभियान, नगर निगम की तैयारी जोरों पर : नगर आयुक्त



गाजियाबाद, । गाजियाबाद नगर निगम ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियां तेज कर दी हैं। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निगम अधिकारियों और पार्षदों ने हिस्सा लिया। 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस एक माह के अभियान को शहर में महापर्व के रूप में मनाया जाएगा। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बैठक के दौरान पूरे महीने की कार्ययोजना विस्तार से प्रस्तुत की।

156 घंटे लगातार सफाई और 100 वार्डों में एक साथ अभियान


अभियान की सबसे बड़ी खासियत 156 घंटे का निरंतर सफाई अभियान रहेगा। इसके अलावा शहर के सभी 100 वार्डों में एक ही दिन एक साथ व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। डोर-टू-डोर जाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जाएगा और स्कूलों में स्वच्छता पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। शहर के प्रमुख व ऐतिहासिक स्थलों को विशेष रूप से सजाया जाएगा। चौराहों पर रंगोली बनाई जाएगी तथा भव्य कलश यात्रा और दीप प्रज्वलन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। महिला व पुरुष दोनों मिलकर इन आयोजनों में भाग लेंगे, जिसके लिए स्थानों का चयन किया जा रहा है।

जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों की रहेगी मुख्य भागीदारी

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए हर शहरवासी और पार्षद की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पार्षद अपने-अपने वार्डों में भव्य कार्यक्रम आयोजित करेंगे। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को पार्षदों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर तत्काल कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

खोड़ा की गलियों में पानी आपूर्ति के लिए पाइप बिछाने का कार्य शुरू

गाजियाबाद, । खोड़ा में निवासरत लगभग 12 लाख आबादी के समक्ष पेयजल का संकट दिनो दिन बढ़ता जा



रहा है। लोग दो दशक से पेयजल के संकट से परेशान है। एक तरफ पेयजल का संकट गहराता जा रहा है विपरीत आबादी का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। एक तरफ नगर पालिका परिषद प्रयासरत है कि किसी भी तरह से लोगों को पाइपलाइन द्वारा पेयजल जल्दी उपलब्ध करवा दी जाय। नगर पालिका परिषद के सीमित संसाधनों कॉलोनी की भौगोलिक परिस्थितियां और शासन की योजनाएं भी पेयजल आपूर्ति में बाधा ही खड़ी करती रही है।

खोड़ा के 14 वार्डों के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का लगभग 80 प्रतिशत प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। अब छोटी और तंग गलियों में पाइपलाइन डाली जा रही है। नगर पालिका परिषद केअधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य पूरा होने पर खोड़ा के कई वार्डों में जलापूर्ति शुरू हो जाएगी।

जेवर में दो करोड़ की लागत से बनेगी गौशाला, भूमि पूजन संपन्न

ग्रेटर नोएडा, । कस्बा जेवर में गोवंश के संरक्षण और बेहतर देखभाल के लिए करीब दो करोड़ रुपए की लागत से गौशाला का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य की शुरुआत से पहले मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने पूजा-अर्चना के बाद गौशाला परिसर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि गौसेवा केवल एक कार्य नहीं, बल्कि संस्कृति, संस्कार और नैतिक जिम्मेदारी है। प्रस्तावित गौशाला के निर्माण से गोवंश के लिए बेहतर आश्रय और देखभाल की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि जेवर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ सामाजिक सरोकारों को भी प्राथमिकता दी जा रही



■ विधायक धीरेंद्र सिंह बोले- गौसेवा संस्कृति, संस्कार और जिम्मेदारी

■ निर्माण के बाद गोवंश को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

है। धीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के साथ जनकल्याण और गौसेवा पर भी जोर दिया जा रहा है।

सीजेपी के प्रवक्ता सौरभ दास ने स्कूलों का किया निरीक्षण

नोएडा, । सीजेपी प्रवक्ता सौरभ दास ने नोएडा में 'स्कूल ठीक करो' अभियान के तहत स्कूल ऑडिट की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के पढ़ने की स्थितियों का जमीनी स्तर पर आकलन करना है। उन्होंने कहा कि नोएडा उत्तर प्रदेश के बेहतर जिलों में से एक है, इसलिए स्कूलों की स्थिति अच्छी होने की उम्मीद है। सौरभ दास ने बताया कि वे आज नोएडा आए हैं। यहां कुछ स्कूलों का ऑडिट किया जा रहा है।

इसके तहत वो सर्फाबाद और बिसरख के सरकारी स्कूल गए। वहां उन्होंने टीचरों से बातचीत की। साथ ही समस्याओं से बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य स्कूलों की वास्तविक स्थिति को सामने लाना है। उन्होंने युवाओं से भी इस अभियान में शामिल होने का



■ स्कूल ठीक करो अभियान के तहत कर रहे ऑडिट, टीचरों से की बातचीत

आग्रह किया। दास चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश के युवा अपने आसपास के स्कूलों का ऑडिट करें। वे देखें कि उनके पड़ोस के स्कूलों की क्या स्थिति है। साथ ही, बच्चों को किस प्रकार की शिक्षा मिल रही है। उन्होंने कहा कि वे आज नोएडा के स्कूलों का दौरा करने की योजना बना रहे हैं। यह अभियान शिक्षा के स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

5 साल से वार्ता, अब काम चाहिए : दूसरे दिन भी प्राधिकरण पर डटे किसान

नोएडा, । भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ किसानों का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। किसान सेक्टर-96 स्थित प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक भवन के बाहर अपनी मांगों को लेकर डटे हैं। संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौधरी ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में किसानों की मांगों को लेकर मोर्चाबंदी हो चुकी है।

■ किसान बोले मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा

सुभाष चौधरी ने कहा कि किसान पिछले पांच साल से अधिकारियों के साथ वार्ता कर रहे हैं। कई बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन अब सिर्फ बातचीत नहीं, बल्कि मांगों पर काम चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान इस बार मांगें पूरी कराए बिना वापस नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि नोएडा



की स्थापना के लिए वर्ष 1976 में किसानों की जमीन अर्जेंसी क्लॉज के तहत बेहद कम दर पर अधिग्रहित की गई थी। आज उसी जमीन की कीमत लाखों रुपए प्रति वर्गमीटर तक पहुंच गई है, लेकिन जमीन देने वाले कई किसानों को अब तक विकसित भूखंड नहीं मिला है। किसानों का कहना है कि प्राधिकरण की ओर से समय-समय पर भूखंड देने की योजनाएं लाई गईं, लेकिन बड़ी संख्या में पात्र किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। संगठन की मांग है कि वर्ष 1976 से 1997 तक के किसानों को भी 5 प्रतिशत विकसित भूखंड का लाभ दिया जाए। सुभाष चौधरी ने आरोप लगाया कि बिल्डरों के निर्माण में नियमों की अनदेखी होने पर कार्रवाई नहीं होती, लेकिन किसान का बेटा निर्माण करता है तो तुरंत कार्रवाई कर काम रुकवा दिया जाता है। उन्होंने प्राधिकरण की कार्रवाई की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए।

इससे पहले सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के गौतमबुद्ध नगर जिलाध्यक्ष अशोक भाटी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और भैंसा-बुग्गियों के साथ सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन स्थित सलारपुर शिव मंदिर से निकले थे। किसान सेक्टर-96 स्थित प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे और लंबित मांगों के समाधान की मांग की थी। महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी पहुंचे थे। उन्होंने कहा था कि किसानों की मांगें लंबे समय से लंबित हैं। जब तक इनका समाधान नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

किसानों की प्रमुख मांगें

- 1976 से 1997 तक के किसानों को 5 प्रतिशत विकसित भूखंड दिया जाए।
- अधिग्रहित जमीन का उचित और बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाए।
- पात्र किसानों को लंबित विकसित भूखंडों का आवंटन किया जाए।
- सिंचाई व्यवस्था में सुधार किया जाए।
- किसानों के लिए बिजली की दरें कम की जाएं।
- किसानों के निर्माण से जुड़ी कार्रवाई में समान नीति अपनाई जाए।

विधायक के जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने वालों का लगा रहा तांता

गाजियाबाद, । गाजियाबाद शहर के विधायक संजीव शर्मा के जन्मदिवस पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में शुभचिंतको पार्टी कार्यकर्ताओं सभासदों पार्षदों से लेकर सांसद ने गाजियाबाद घंटाघर कार्यक्रम में पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सहजता लोकप्रियता और मिलनसारता के लिए पहचाने जाने वाले गाजियाबाद शहर के भाजपा विधायक संजीव शर्मा के घंटाघर स्थित जानकी भवन में आयोजित कार्यक्रम के अलावा प्रताप विहार स्थित आवास पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी है। लोगो ने विधायक को बुके साल पटका पगड़ी माला आदि पहनाकर खुले कंठ से प्रशंसा करते हुए गले लगाकर बधाई दी।

विधायक की लोकप्रियता और जनता के बीच उनके प्रति स्नेह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके जन्मदिन समारोह में समर्थकों एवं शुभचिंतकों की भारी भीड़ उमड़ी



लोगों ने उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु और निरंतर जनसेवा के लिए प्रशंसा की। हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। मौके पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग नगर निगम की मेयर सुनीता दयाल समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

कैबिनेट बैठक में 23 अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

एक्सप्रेसवे से लेकर शिक्षा और रोजगार तक लिए गए बड़े फैसले

- किसानों को छह प्रतिशत ब्याज पर छह लाख रुपए तक ऋण
- पीआरडी जवानों को कैशलेस इलाज की सुविधा



लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई कैबिनेट बैठक में विकास और जनकल्याण से जुड़े 23 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। फैसलों में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, परिषदीय विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल बनाने, खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने, किसानों को सस्ती दर पर ऋण और पूर्व अग्निवीरों को सरकारी भर्ती में आरक्षण देने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास को लेकर भी निर्णय लिए गए। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेसवार्ता में स्वीकृत प्रस्तावों की जानकारी दी। कैबिनेट में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को विकसित करने के लिए संशोधित परियोजना प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। 15.172 किलोमीटर लंबे प्रवेश नियंत्रित छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण ईपीसी मोड पर कराया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 1,008.67 करोड़ रुपये है, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। निर्माणकर्ता के चयन के लिए ग्लोबल बिड आमंत्रित की जाएगी। इससे बुंदेलखंड से चित्रकूट धाम तक आवागमन सुगम होने और पर्यटन को गति मिलने की उम्मीद है। बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण वाले परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इससे सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम होगा। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को रियायती ब्याज दर पर दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराने का फैसला किया गया।

अन्य महत्वपूर्ण फैसले

औद्योगिक विकास एवं रोजगार

❍ उत्तर प्रदेश के अभियांत्रिकी विभागों में कार्य के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए वित्तीय नियमों के तहत अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों की सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी

❍ उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम लिमिटेड की छाता शुगर कंपनी लिमिटेड, जनपद मथुरा में कंसेशन-कम-लीज के माध्यम से 120 केएलपीडी एथेनॉल उत्पादन संयंत्र की स्थापना को मंजूरी।

❍ उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में वर्ल्डफिश परियोजना के संचालन के लिए राज्य सरकार, मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश और वर्ल्डफिश के बीच समझौता ज्ञापन पर अनुमोदन।

सुरक्षा और प्रशासन

❍ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना के लिए अयोध्या के मिल्कीपुर तहसील स्थित ग्राम पूरे लाल खान में लगभग 65 एकड़ बंजर भूमि भारत सरकार को निशुल्क आवंटित करने की मंजूरी।

❍ 10 वर्ष तक की अवधि के किरायेदारी/पट्टा विलेखों पर प्रभावी स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट देने का प्रस्ताव पास।

ग्रामीण विकास और जनकल्याण

❍ प्रदेश में वाहनों की तकनीकी स्वस्थता को सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की जांच हेतु स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) की स्थापना संबंधी नीति में संशोधन को मंजूरी।

❍ प्रांतीय रक्षक दल के स्वयंसेवकों की ड्यूटी भत्ता दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव स्वीकृत।

❍ प्रदेश की उचित दर दुकानदारों को वितरित खाद्यान्न की मात्रा के सापेक्ष 25 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त मार्जिन मनी देने का फैसला।

शहरी विकास

❍ लखनऊ, उन्नाव और रायबरेली को मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के तहत विकसित करने के लिए धनराशि स्वीकृत करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी।

❍ लखनऊ में स्वीकृत हाईटेक टाउनशिप परियोजना को पूर्ण किए जाने के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

वेंकटेश्वरा विवि तथा विम्स के तत्वावधान में गणपति उत्सव भव्य शुभारंभ



मेरठ, । राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान एवं विम्स के संयुक्त तत्वाँधान में 12 दिनों तक चलने वाले ''गणपति उत्सव'' का भव्य/दिव्य शुभारम्भ हो गया। गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ यह दिव्य सांस्कृतिक आयोजन अनन्त चतुर्थी/विसर्जन तक चलेगा। इस बारह दिवसीय गणपति उत्सव में नासिक से आये मशहूर ''गणपति बैन्ड'', राजस्थान घराने के क्लासिकल सिंगर डॉ0 पं0 शिवदर्शन दुबे की भजन संध्या, प्रस्तुति पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा का गणपति जी पर आध्यात्मिक विशलेषण, विख्यात ओज कवि डॉ. राहुल अवस्थी एवं डॉ. चेतन आनन्द की प्रस्तुति समेत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित होगें।

गणपति उत्सव के प्रथम दिवस पर शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डॉ. मधु चतुर्वेदी, विम्स कल्चर कमेटी की चैयरपर्सन डॉ. सुप्रीति भटनागर समेत हजारों छात्र-छात्राओं ने गणपति बप्पा की विशाल प्रतिमा को ढोल नगाडो एवं आतिशबाजी के बीच संस्थान के इकोपार्क स्थित विशाल पूजा पंडाल में पंडित आचार्य रामनिवास शास्त्री सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना करके, एवं गणपति जी की विशाल प्रतिमा को स्थापित किया। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या में संस्थान में छात्र-छात्राओं ने गणपति जी के भजनों एवं गीतो ''देवा श्री गणेश देवा, घर में पधारो गजानन जी म्हारे घर में पधारो, मोरिया रे मोरिया, देवा ओ देवा गली गली में तेरे नाम का है शोर, तेरी जय हो गणेश आदि पर शानदार प्रस्तुतियां देकर ''गणपति उत्सव'' के शुभारम्भ को यादगार बना दिया।

शास्त्रीनगर में अवैध निर्माण जारी, अधिकारी मौन

मेरठ, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। आवास विकास परिषद के क्षेत्र में कथित नए अवैध निर्माणों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शास्त्री नगर में के-1263 और 12/10 सहित कई स्थानों पर निर्माण कार्य चलने की चर्चा है। इन निर्माणों में निर्धारित सेटबैक और अन्य भवन मानकों का पालन नहीं हो रहा है। पुराने निर्माणों पर नोटिस और कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में नए निर्माण रोकने के लिए विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा।

सार संक्षेप

इंजीनियर्स डे पर अभियन्ताओं के योगदान को किया गया नमन

मेरठ। प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता(आई.ए.एस.) की अध्यक्षता मे डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन, मेरठ के सभागार मे आज अभियन्ता दिवस का आयोजन किया गया। प्रबन्ध निदेशक एवं निदेशकगण द्वारा दीप प्रज्जवलित कर, कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम मे भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयन्ति के अवसर पर, उनके योगदान को नमन करते हुए, अभियन्त्रण क्षेत्र की भूमिका एवं उपलब्धियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के विगत पावर सेक्टर के संबंध मे प्रस्तुतीकरण के साथ-साथ वैदिक काल एवं मोर्डन इन्जिनियरिंग के पारस्परिक संबंध पर भी प्रस्तुतीकरण किया गया। अभियन्ता दिवस के अन्तर्गत डिस्कॉम के अभियन्ताओं द्वारा सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवा, स्वच्छ ऊर्जा, विद्युत सुरक्षा एवं सत्यनिष्ठा के साथ विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

शोभित विवि में इंजीनियर्स डे पर कार्यशाला आयोजित

मेरठ। शोभित विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स डे के मौके पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को गेट परीक्षा की तैयारी कैसे करें, इस बारे में बताया गया। यह कार्यशाला मानविकी, भौतिक एवं गणितीय विज्ञान संकाय की ओर से विश्वविद्यालय के सभागार में रखी गई थी। इसमें छात्रों को पढ़ाई की सही रणनीति, सवाल हल करने के तरीके, समय का सही इस्तेमाल और आगे पढ़ाई व शोध के मौकों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनोद कुमार त्यागी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि अभियंता दिवस देश के लिए बहुत खास है क्योंकि इंजीनियर देश बनाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को नई सोच और शोध की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आज इंजीनियरिंग सिर्फ तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की सामाजिक और आर्थिक तरक्की में भी मदद करती है।

किसानों को रकबे और पर्ची संबंधी जानकारी मिलेगी

मवाना। सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड मवाना में मंगलवार को समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ किया गया। समिति अध्यक्ष विनोद कुमार भाटी ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान प्रबंध कमेटी के अधिकांश डायरेक्टर भी मौजूद रहे। मेले में किसानों को उनके गन्ना रकबे, सट्टा, पर्ची और गन्ने से संबंधित अन्य दर्ज जानकारी का अवलोकन कराया जा रहा है। किसानों को अपने रिकॉर्ड की जांच करने का मौका मिलेगा, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि होने पर समय रहते उसे ठीक कराया जा सके। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक भूपेश कुमार राय और प्रभारी सचिव विक्रम बहादुर सिंह ने अध्यक्ष विनोद कुमार भाटी का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

सूचना

पहले मेरा नाम HASEEN AHMED था अब मैने अपना नाम बदलकर HASEEN AHMAD रख लिया है। अब भविष्य में मुझे HASEEN AHMAD पुत्र **ABDUL HAKEEM** से जाना जाए। **HASEEN AHMAD** पुत्र **ABDUL HAKEEM** मोहल्ला तिहाई मवाना।

कृषक पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने थाने पहुंचकर की शिकायत

मवाना, । कृषक पीजी कॉलेज मवाना के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए मंगलवार को थाना मवाना पहुंचकर शिकायत की। छात्र-छात्राओं का आरोप है कि कॉलेज के प्रधानाचार्य विमलेश मिश्र और ऑडिटरध्कॉर्डिनेटर नवीन द्वारा एडमिशन के लिए पहुंचने वाले विद्यार्थियों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है और उनका प्रवेश नहीं लिया जा रहा। इससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित होने की आशंका है। मंगलवार को छात्र-छात्राएं एकत्र होकर थाना मवाना पहुंचे और थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्म कुमार त्रिपाठी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की। छात्र-छात्राओं ने पुलिस को बताया कि वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत कॉलेज में एडमिशन के लिए जा रहे हैं, लेकिन आरोप है कि कॉलेज प्रशासन की ओर से उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। उनका कहना है कि प्रवेश नहीं मिलने के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और समय निकलने के साथ उनका भविष्य खराब होने की स्थिति बन रही है।

मुफ्तीवाड़ा में जर्जर दीवार बनी मौत का साया, निवासियों में दहशत

- एक सप्ताह में दो बार गिर चुका है दीवार का हिस्सा
- अनहोनी के डर से बच्चों का घर से निकला हुआ बंद
- वार्ड संख्या-69 के मुफ्तीवाड़ा मौहल्ले का है मामला



मेरठ, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। एक पुराने मकान की जर्जर दीवार गिरने से आसपास के निवासियों में भय का माहौल है। नगर निगम के वार्ड संख्या-69 स्थित मुफ्तीवाड़ा मोहल्ले में मकान संख्या-11 की दीवार का कुछ हिस्सा दो बार गली में गिर चुका है। जिससे जान-माल का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। निवासियों ने एसडीएम को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने एक संयुक्त शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मकान संख्या-11 के मालिक स्व. लतीफ अहमद के उत्तराधिकारी शदमान अहमद, कामरान अहमद, रफीक अहमद और आसिफ खुसरो पुत्र स्व. सैयद अहमद हैं। यह मकान अत्यंत पुराना और जर्जर अवस्था में है। 6 अगस्त 2026 को मकान की दीवार का एक हिस्सा अचानक गली में गिर गया। इससे एक स्कूटर और एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। मकान मालिक लतीफ अहमद ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

11 अगस्त 2026 को दूसरा हिस्सा भी रास्ते में गिर गया। गली में खेल रहे छोटे बच्चे फिर बाल-बाल बचे। जिसके बाद से यहां के निवासियों में भय का माहौल है। मकान का बाकी हिस्सा भी अत्यंत जर्जर हालत में है और कभी भी दीवार गिर सकती है। इससे गली से गुजरने वाले लोगों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुराने और खतरनाक मकान की दीवार समस्या बन रही हैं। ऐसे में प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे कोई अनहोने न हो सके।

जर्जर सड़कों के निर्माण को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

मवाना, । हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र में जर्जर हो चुकी सड़कों के निर्माण और जलभराव की समस्या के समाधान की मांग को लेकर पूर्व राज्य मंत्री प्रभु दयाल वाल्मीकि समेत अनेक सपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों ने तहसील में प्रदर्शन किया। इस बाबत मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मवाना को सौंपा है। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर जनहित में सड़कों का निर्माण कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि विधानसभा क्षेत्र की कई प्रमुख सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मांग की गई है कि मवाना से मखदूमपुर, चेतावाला से रामराज, बना गांव, बस्तौरा नारंग गांव का संपर्क मार्ग,मवाना सोसाइटी से मेरठ हाईवे तक बाईपास तथा ब्लॉक मवाना से बड़ा महादेव मंदिर तक की सड़क का निर्माण जल्द कराया जाए। इसके अलावा चेतावाला से मखदूमपुर,पक्का तालाब से तहसील मवाना चैराहा, मवाना से भैंसा तथा मटौरा से जाहरवीर की माढ़ी तक जर्जर सड़क का निर्माण कराने की मांग की गई है। ग्राम सिखेड़ा में करीब एक किलोमीटर क्षेत्रमेंजलभराव की समस्या दूर कराने की भी मांग रखी गई है।

स्कूल सुरक्षा ऑडिट स्कूलों की दशा सुधारने का प्रयास : मुकन्द वल्लभ



मेरठ, । उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार टाइम्स प्रो लखनऊ की टीम द्वारा जनपद के अधिकांश सरकारी विद्यालयों में स्कूल सुरक्षा ऑडिट किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय श्योल्दा (ब्लाक माछरा) का स्कूल सुरक्षा आडिट संपन्न हुआ।

आपदा प्रबंधन विषय विशेषज्ञ मुकंद वल्लभ शर्मा ने कहा कि स्कूल सुरक्षा आडिट सभी स्कूलों की दशा सुधारने का ईमानदार प्रयास है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह आडिट जोनल कोऑर्डिनेटर देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में चल रहा है। मेरठ में डीसी नरेंद्र कुमार और आईटी विशेषज्ञ शिवम के सहयोग से इसे प्रभावी रूप दिया जा रहा है। श्योल्दा विद्यालय का आडिट मुकंद वल्लभ शर्मा, सिविल इंजीनियर केशव कुमार तथा अग्नि विशेषज्ञ विवेक कुमार द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती सविता शर्मा की उपस्थिति में टीम ने सुरक्षा व्यवस्थाओं व आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। रसोई, शौचालय, पेयजल, स्वच्छता, दिव्यांग छात्रों की सुविधाएं, कक्षाएं, स्टाफ रूम, गतिविधि कक्ष, गेट, खिड़कियां, टीवी और इमरजेंसी लाइट आदि का बारीकी से मूल्यांकन कर कमी या आवश्यकता संबंधी जानकारी उत्तर प्रदेश शासन को ऑनलाइन भेजी गई तथा प्रधानाचार्य को अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सविता शर्मा सहित सहायक अध्यापक चंचल रानी, ओम, रुचि, पूजा, मुक्ति प्रकाश, हरितोश शर्मा, राजीव कुमार, सेतिया त्यागी, निशी गुप्ता एवं सभी रसोइए उपस्थित रहे।

रिश्वत लेते दबोचा आवास विकास का संविदाकर्मी

मेरठ, । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले मकान की रजिस्ट्री कराने के नाम पर रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। आवास विकास कार्यालय में तैनात आउटसोर्स कर्मचारी अभिनव शर्मा को एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को छह हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया।



किनानगर निवासी रंजना को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान आवंटित हुआ था। आवंटन के बाद रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर अभिनव शर्मा ने महिला से छह हजार रुपये की रिश्वत मांगी। रंजना ने शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। टीम ने आरोपों का सत्यापन करने के बाद ट्रैप बिछाया। महिला को केमिकल लगे नोट देकर कार्यालय भेजा गया। जैसे ही उसने रकम दी, टीम ने आरोपी को दबोच लिया और रिश्वत की रकम बरामद कर ली।

रंजना के पति कोरोना काल में गुजर गए थे। वह चार बच्चों के साथ रहती हैं। फरवरी में मकान आवंटित होने के बाद उन्होंने ब्याज पर पैसा लेकर 76 हजार रुपए का डाउन पेमेंट जमा किया था। फाइल अभिनव शर्मा के पास पहुंचने के बाद उन्होंने रजिस्ट्री के लिए 6200 रुपए मांगे। दबाव बढ़ने पर रंजना ने एंटी करप्शन से शिकायत की। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। टीम पूछताछ कर यह भी पता लगाने में जुटी है कि क्या इस मांग के पीछे कोई अन्य कर्मचारी या अधिकारी भी शामिल थे तथा अन्य लाभार्थियों से भी रकम तो नहीं मांगी गई। ईएमओ सुनील शर्मा ने बताया कि जिस फाईल पर पैसे लेने की बात सामने आ रही है उस फाईल को तो वह 11 सितंबर को ही निस्तारित कर चुके हैं।

> परिषद में नीचले क्रम से लेकर ऊपर तक के सभी अधिकारी भ्रष्ट हैं। आज पकड़ा एक गया है जेल सबको भेजना चाहिए।
> -डा. संदीप पहल, सामाजिक कार्यकर्ता

आयोजन *उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ओर से रक्तदान का आयोजन*

प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को नियमित रूप से लगाया जा रहा रक्तदान शिविर

- ब्लड डोनेट करने वालों की संख्या देख जिलाधिकारी ने की सराहना
- अन्य जनपदों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

मेरठ, । मंगलवार को उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के तत्वावधान में लोक निर्माण विभाग में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महासंघ के प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय इंजीनियर आर.के. दत्त जी की पुण्यतिथि एवं अभियंता दिवस (इंजीनियर्स डे) के अवसर पर आयोजित किया गया। महासंघ द्वारा प्रतिवर्ष 15 सितंबर को नियमित रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी महासंघ के सदस्यों ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।





जिला मेरठ के विभिन्न सरकारी विभागों के अभियंताओं, कर्मचारियों तथा आसपास के अन्य जनपदों के कई सरकारी विभागों के अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। पूरा आयोजन लोकप्रिय अस्पताल की विशेषज्ञ मेडिकल टीम की देखरेख में संपन्न हुआ, जहां डोनर्स की स्वास्थ्य जांच के बाद ही रक्तदान लिया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) और डोनर कार्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके लिए पौष्टिक जलपान और आराम की उचित व्यवस्था भी की गई थी। इसमें मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, नगर निगम, जल निगम, इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल विभाग, लघु सिंचाई विभाग आदि विभाग शामिल रहे। शहर के अनेक लोगों ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी वी.के. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नुपूर गोयल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति, नगरायुक्त सौरभ गंगवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामप्रसाद आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों की संख्या देखकर सराहना की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के अंकित डांडी (जिला अध्यक्ष), इंजीनियर संदीप कुमार शर्मा (उपमहासमिति सचिव पश्चिम), इंजीनियर राजेश कुमार (मंडल सचिव), इंजीनियर शेरपाल शोलंकी, इंजीनियर कपिल, इंजीनियर दीपक, इंजीनियर अनिल, इंजीनियर अरविंद आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति ने सभी रक्तदाताओं, मेडिकल टीम, वालंटियर्स और मीडिया कर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प लिया।

होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने पर ईरान-ओमान ने खाड़ी देशों की बैठक की स्थगित, कहा

क्षेत्र में स्थिरता व सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

■ ओमान के साथ गहन परामर्श कर ईरान नई तिथि घोषित करेगा



तेहरान, । होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही में आ रही बाधा दूर करने के प्रयासों के बीच ईरान-ओमान ने सोमवार को फारस की खाड़ी के तटीय देशों की प्रस्तावित बैठक स्थगित कर दी है। ईरानी विदेश मंत्रालय और ओमान के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के फारस खाड़ी विभाग के महानिदेशक मोहम्मद अली नक ने बताया कि कुछ क्षेत्रीय देशों के अनुरोध और ईरान-ओमान के संयुक्त निर्णय के बाद बैठक स्थगित की गई है।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने श्री नक के हवाले से कहा है कि कुछ क्षेत्रीय देशों के अनुरोध और ओमान-ईरान के संयुक्त निर्णय के आधार पर फारस की खाड़ी के तटीय देशों के विदेश मंत्रियों की सोमवार को प्रस्तावित बैठक किसी अन्य तिथि के लिए स्थगित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ओमान के साथ घनिष्ठ परामर्श कर ईरान नयी तिथि की व्यवस्था करेगा। ओमान के विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी ने कहा है कि सलालाह में आयोजित होने वाली यह बैठक स्थगित कर दी गई है।

श्री बुसैदी ने 'एक्स' पर कहा, 'सर्वसम्मति से सलालाह में क्षेत्रीय बैठक स्थगित कर दी गई है। हम अपने क्षेत्र में स्थिरता और स्थायी सहयोग का समर्थन करने वाले संवाद को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' इस बैठक का उद्देश्य अमेरिकी भागीदारी के बिना ईरान व खाड़ी अरब देशों को एक मंच पर लाना था, ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर चर्चा की जा सके : बदर अल्बुसैदी, ओमान

होर्मुज में तैनाती पर विचार कर रहा दक्षिण कोरिया

सोल। दक्षिण कोरिया और अमेरिका इस सप्ताह अपने वरिष्ठ अधिकारियों के बीच नियमित रक्षा वार्ता करने जा रहे हैं। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब सोल, होर्मुज स्ट्रेट में सैन्य तैनाती के विकल्प पर विचार कर रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, कोरिया-अमेरिका इंटीग्रेटेड डिफेंस डायलॉग (केआईडीडी) की द्विवार्षिक बैठक बुधवार से शुक्रवार तक दक्षिण-पूर्वी अंदरूनी शहर ह्वासान में आयोजित की जाएगी। इन वार्ताओं का नेतृत्व दक्षिण कोरिया के उप रक्षा मंत्री (नीति) किम हॉग-चोल और अमेरिका के पूर्वी एशिया मामलों के उप सहायक रक्षा सचिव जॉर्ज लेमूरकॉसी। इनके साथ रक्षा और विदेश मामलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे। मंत्रालय ने कहा कि बैठक में कई महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इनमें युद्धकालीन सैन्य संचालन का नियंत्रण (ओपीकॉन) वापस हासिल करना, दोनों देशों की संयुक्त रक्षा व्यवस्था और जहाज निर्माण क्षेत्र में सहयोग जैसे विषय शामिल हैं।

परमाणु कार्यक्रम पर केंद्रित हो ईरान के साथ बातचीत : अमेरिका



वॉशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि ईरान के साथ भविष्य की बातचीत केवल उसके परमाणु कार्यक्रम पर केंद्रित होनी चाहिए न कि होर्मुज जलडमरूमध्य विवाद पर। सीएनएन ने सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। सीएनएन के अनुसार तीन सूत्रों ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने खाड़ी देशों को निजी तौर पर कहा कि वे भविष्य की अमेरिका-ईरान बातचीत को जलडमरूमध्य को खोलने के बजाय ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर केंद्रित करना चाहते हैं।

उल्लेखनीय है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिसके जवाब में ईरानी पक्ष ने भी जवाबी हमले किए। जून के मध्य में ईरान और अमेरिका ने शत्रुता समाप्त करने के लिए एक सम्झौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, हालांकि बाद में उन्होंने फिर से एक-दूसरे पर हमले किए। वर्तमान में, संघर्ष का समाधान नहीं हुआ है। संघर्ष जैसे के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली पश्चिम गतिविधियां लगभग ठप हो गई हैं। यह तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के वैश्विक व्यापार के लिए एक प्रमुख आपूर्ति मार्ग है। नतीजतन, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं।

अमेरिकी भागीदारी के बिना ईरान और खाड़ी अरब देशों को एक मंच पर लाना था, ताकि वैश्विक तेल शिपमेंट के लिए महत्वपूर्ण मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर चर्चा की जा सके।

इस जलमार्ग से वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही अब भी धीमी है, लेकिन अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों का कहना है कि अमेरिकी सैन्य सुरक्षा की मदद से अधिक संख्या में तेल टैंकर पार कर्मों में सफल रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि जलडमरूमध्य की स्थिति फिलहाल स्वीकार्य है। बैठक का स्थगन इस जलमार्ग के भविष्य को लेकर क्षेत्रीय सम्झौते पर पहुंचने में आ रही बाधाओं को दर्शाता है।

सुडोकू 7393


3	9	8						
	4	6	9					
		2		8				
5			7			4		8
		3	2		4	1		
4		1			8			7
				7		3		
					3	9	5	
						7	4	2

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 7393




आर्पे से दाएं:-

१. अमृत (उर्दू)
४. पैसे के निशान
६. चाल, गति, (उर्दू)
७. नोड्स्क्रेड, अखाड़ी
८. जंगली हाथी
१०. सुख, चैन (उर्दू)
११. पानिपूर्नि (उर्दू)
१३. कदापि (उर्दू)
१४. नक्काशी
१५. चालचलनेवाला, पूर्त (उर्दू)
१७. धतुर (उर्दू)
१९. अभिधि, एक देशी
२२. ठंड से कांपना
२४. आत्मरक्षा

ऊपर से नीचे:-

१. जीवनयापन का साधन
२. साहूकारी (उर्दू)
३. दंड करना (उर्दू)
४. पक्षीन
५. एक प्रसिद्ध पर्णी
६. अपने शत्रु का नाश करने वाला
११. गर्भ (उर्दू)
१२. उचित ऐंठ (उर्दू)
१३. कला, सजावटी
१४. भरोसेमंद
१६. चापलूस
१८. अपयश
१९. खरा, निपुण (उर्दू)
२१. सेवांश, हर्ष
२०. जटिल, सुरिक्त
२३. शिक्षण

वर्ग पहेली-7392



युसूफ कुरैशी, फो. 8109946409

दैनिक पंचांग

mypandit.com

■ बेजान दारुवाला

राशिफल

मेष - वाणिज्यिक में फंसा धन अनुभव करेंगे। कहर मूले जने और सुरुचिपूर्ण भोजन करने का अवसर मिलसकता है। अवसर- मित्रों के साथ वैचारिक्य परो अच्छा समय प्राप्त करसकेंगे। किसीव्यामोकरु के पिलने के योगहैं।

वृषभ - आपका आजका दिन कुछ फलदायक है। आप निर्धारित समय पैसफलता प्राप्त करसकेंगे। आपके अधूरे काम पूरे होंगे। सावधि- मानसिक स्वास्थ्य पैंवृद्धि होगी। नसीहतसे अच्छेसफलार प्राप्त करसकेंगे।

मिथुन - नए काम शुरू करने के लिए समय अच्छा नहीं है। आपको जोकिसी और संतान के स्वास्थ्य का अनरक्षा चाहिए। किसी के साथ पर्सा को विभिन्न कोठेय फूंच सकते हैं, सावधान रहना जरूरी है।

कर्क - आप पैं अत आनंद और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। धन पैं वित्तना रहेगी। किसी पैंदर्दय किसी कारण से तकलीफ होगी। अतिव्यस्तताएं सार्वजनिक रूप से सम्मिलन भंगन हो, इसका आनंदें। व्यवसाय होगा।

सिंह - वर्ष संकल्पों और रिश्तेदारों पर विशेष ध्यान नहीं आपके हितों-दिक्षण पर जोर देगा, जिससे प्रसन्न अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मित्तकरवर फरकहीं आयोजन करेंगे। पिता, डॉक्टरों के साथ समय बिताने के योगहै।

कन्या - पारिवार में अत आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी को मधुर और व्यवहार से आपतोकमिला प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने के संकेत हैं। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

तुला - आजआपको सामान्य से अधिक व्यस्तता रहेगी। आपकुछ नवीन योजनाएं भी बनेंगे। क्योंकि कुछ के कारण सभी काम पैं आपसफल होसकेंगे। आपकलाकृति, पौत्र-पौत्र के सहयोग तथा फोटोग्राफी के क्षेत्रमें कार्य करेंगे।

वृश्चिक - आजआपके दिन पैं कार्यक्षेत्रों के लोगों से मधुरसंबंध बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। आपके- प्रयोग की प्रवृत्तियों पैं पैसे खर्च होंगे। वाणिज्यिक में जोकिसी के साथ भागीदारी के फायदेमंद करसकेंगे।

धनु - आजका दिन आपके लिए लाभदायक होसकेगा। पारिवारिक जीवन पैंसुख-शांति बनी रहेगी। प्रियजनों को पुराना कोई उपहार मिलसकता है। पिता के सहयोग से आप सकेंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मित्रों से मिलने से मन खुश रहेगा।

मकर - व्यवसाय में आपको आयतथा धन- सम्मान पैं वृद्धि होगी। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके ऊंचे अधिकारियों से आपको खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

कुंभ - आजका दिन आपको कोमी, धनात्म का अनुभव होगा। हालांकि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। परिवार पैं मांगलिक का वातावरण रहेगा। प्रेमी-प्रेमिका के साथ समय बिताने के अवसर मिलेंगे।

मीन - आपको अचानक आर्थिक लाभ होने का योग बनेगा। व्यापार में अपेक्षा से ज्यादा धन प्राप्त करसकेंगे। शारीरिक तथा मानसिक रूपसे अधिक श्रम करना पड़ सकता है। आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारुवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

हूती विद्रोहियों का सऊदी वायु सेना ठिकाने पर हमला



■ बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे

सना, । यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को सऊदी अरब के दक्षिणी शहर खमीस मुशैत स्थित वायु सेना ठिकाने पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से बड़े पैमाने पर हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने एक बयान में कहा कि संगठन ने दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से किंग खालिद एयर बेस को निशाना बनाया। उन्होंने दावा किया कि इस हमले में विमान हैंगरों, रडारों, सब्बे, गोला-बारूद के डिपो और अन्य सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया गया, जिससे एयर बेस को 'भारी नुकसान' पहुंचा है।

हूती विद्रोहियों ने कहा कि यह कार्रवाई यमन में सऊदी अरब के हवाई हमलों के जवाब में की गई है। उनका दावा है कि पिछले पांच दिनों में सऊदी एफ-15 और टहफून लड़ाकू विमानों ने खमीस मुशैत और नाहफ के ठिकानों से यमन के कई प्रांतों में 300 से अधिक हवाई हमले किए हैं।

आधिकारिक रूप से 'अंसार अल्लाह' कहलाने वाले हूती समूह ने कहा कि जब तक रियाद अपना हवाई अभियान समाप्त नहीं करता और यमन के हूती नियंत्रण वाले क्षेत्रों से नाकेबंदी नहीं हटाता है, तब तक वे सऊदी सैन्य ठिकानों पर हमले जारी रखेंगे।

श्री सरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी नये हमले का जवाब और अधिक व्यापक तथा तीव्र अभियानों से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समूह सऊदी अरब के अंदरूनी हिस्सों में स्थित ठिकानों पर हमले जारी रखेगा। इस बीच सऊदी अरब के नागरिक सुरक्षा विभाग ने खमीस मुशैत गवर्नरेट-क्षेत्र में अलर्ट जारी किया, लेकिन बाद में कहा कि 'खतरा टल गया' है। उन्होंने निवासियों से नागरिक सुरक्षा निर्देशों का पालन जारी रखने तथा भीड़ एकत्र करने और वीडियो बनाने से बचने का आग्रह किया। यह हमला सऊदी अरब और ईरान समर्थित हूतियों के बीच सीमा पार दुश्मनी में एक गंभीरतनाव दर्शाता है। हूतियों ने 2014 में यमन की राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था और वे एक दशक से भी अधिक समय से सऊदी समर्थित बलों से लड़ रहे हैं।

हूतियों के खिलाफ सरकारी सेना की बड़ी कार्रवाई



सना। यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार से जुड़ी सशस्त्र सेनाओं ने हूतियों से कई ठिकाने वापस छीन लिये हैं। भीषण होती जंग के बीच सरकारी बल दक्षिण-पश्चिमी प्रांत लहज में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। अल जजीरा' की रिपोर्ट के अनुसार, यमन के पश्चिमी तट पर हूतियों के ठिकानों और उनके जमावड़ों पर सऊदी गठबंधन की ओर से किये जा रहे हवाई हमलों से यमनी सरकारी बलों को आगे बढ़ने में मदद मिल रही है। सूत्रों के हवाले की गई रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी तट पर स्थित मोचा और धुबाब तथा इसके आसपास के इलाकों में 'वायु सेना हूतियों पर जमकर हमले जारी रखे हुए है।' अंसार अल्लाह' नाम से भी पहचाने जाने वाले हूती समूह ने सोमवार को कहा कि उसने 10 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग कर सऊदी अरब के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमला किया है। समूह ने बताया कि इन हमलों में खमीस मुशैत स्थित किंग खालिद एयर बेस की सैन्य सुविधाओं और खुफिया ढांचे को निशाना बनाया गया, जिनमें विमान हैंगर, रडारऊपकरण, सब्बे और गोला-बारूद के डिपो शामिल हैं। हूतियों ने कहा कि ये हमले सऊदी अरब के उस सैन्य अभियान के जवाब में किए गए थे, जिसके तहत पांच दिनों के भीतर यमन भरमें 300 से अधिक हवाई हमले किए गए थे।

डॉ. भार्गव मल्लप्पा की 'द मोदी एरा: इंडियाज जर्नी ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' का वायनाड में विमोचन



सुल्तान बत्तेरी, वायनाड । लेखक और अभिनेता-कन्नड़ साहित्य परिषद के संरक्षक डॉ. भार्गव मल्लप्पा द्वारा लिखित पुस्तक 'द मोदी एरा: इंडियाज जर्नी ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' का सोमवार को सुल्तान बत्तेरी, वायनाड में विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम पानमोय ग्रामपंचायत भवन परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें आध्यात्मिक नेताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक नेताओं, विद्वानों, साहित्य प्रतिनिधियों और पीठिय के सदस्यों को उपस्थिति रहे।

यह पुस्तक भारत में पंजीकरण के एक दौरकादराज्य में प्रस्तुत करने के साथ-साथ यात्रा परिचर्चा को प्रोत्साहित करने का प्रयास करती है कि देश कहां से आया है, वर्तमान में कहां खड़ा है और आने वाले वर्षों में किस दिशा में आगे बढ़सकता है। डॉ. मल्लप्पा ने कहा कि पुस्तक को कई पहलुओं के अध्ययन, अवलोकन और चिंतन के परिणामस्वरूप तैयार किया गया है और इसका विभिन्न व्यापक संस्करणों को प्रकाशन का लक्ष्य है। लेखक भाषा डॉ. एस. सेत्तमाणेय, दक्षेस अध्यक्ष, भानोय हिंदू परिषद और सदस्य, पैंतीस देशों उपमहाद्वीपों प्रवासी सभिति (जेडआरसीओपी), रेल मंत्रालय, भारत सरकारने दिया। पुस्तक का विमोचन पहले अधीनस्थ के संगठन विश्वविद्यालय, दिल्ली वजनेश्वर स्वामीजत, नवनियुक्त अडिशनल, पद्म श्री डी सुकेशन्दर पद्मश्री सम्मानित, कन्या भूषण सिंह, माननीय लोकसभा सांसद, टी. एन. प्रतापन, माननीय विधायक, कृष्णदास विधायक पैंट, पंपूर, सत्यंत कुमार चरो, सरस्वत, वन्य चिल्ड्रन वर्ग आयोग, उत्तर क्षेत्र, शांति पलक्कड़, भजन सिंह अध्यक्ष, कक्काड़, डॉ. सुधा सोपू, चंदन कुमार, डॉ. पद्मनाभी और कलीप भारती सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को उपस्थिति में किया गया।

दुबई में विदेशी पर्यटकों में 44 प्रतिशत की गिरावट

दुबई, । पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस वर्ष अगस्त माह तक दुबई आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में सालाना आधार पर 44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। दुबई के अर्थव्यवस्था और पर्यटन विभाग ने यह जानकारी उपलब्ध कराई है।

विभाग ने दुबई में सालाना 'अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल मार्केट' प्रदर्शनी से पहले फरवरी के बाद पहली बार पर्यटकों की संख्या के आंकड़े जारी किए। इससे पहले ऐसे आंकड़े हर महीने जारी किए जाते थे। दुबई मीडिया कार्यालय के अनुसार इस वर्ष के शुरुआती आठ महीनों में शहर में 69.7 लाख विदेशी पर्यटक आए।

अर्थव्यवस्था और पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर मौजूद दुबई के पर्यटन क्षेत्र की मासिक रिपोर्ट से पता चलता है कि जनवरी और अगस्त 2025 के बीच 1.25 करोड़ पर्यटकों ने शहर का भ्रमण किया था। नतीजतन, पर्यटकों की संख्या में 44 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई, जो लगभग 56 लाख पर्यटकों की कमी को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार 2025 में दुबई में रिकॉर्ड 1.96 करोड़ विदेशी पर्यटक आए थे।

आज का इतिहास

1812 – नेपोलियन के नेतृत्व में फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रेमलिन पहुंची।
1861 – इंजीनियर, वैज्ञानिक और निर्माता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरिया का जन्म।
1894- प्योंगयांग की लड़ाई में जापान ने चीन को करारी मात दी।
1915 – परमवीरचक्र सम्मानित पूर्व भारतीय सैनिक लांस नायक करम सिंह का जन्म।
1916 – प्रथम विश्व युद्ध में पहली बारसोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया।
1926 – 'विश्व हिन्दू परिषद' (विहिप) के अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल का जन्म।
1948 – स्वतंत्र भारत का पहला जलपोत अहिल्याबाई दिल्ली जंक्शन (अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा।
1959 – भारत की राष्ट्रीय प्रसारणसेवा दूरदर्शन की शुरुआत हुई।
1971 – हरी-भरी और शांति पूर्ण दुनिया के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीस की स्थापना की गई।
1981 – चाड संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।
1982 – लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमायेल की पदासीन होने के पूर्व ही बम विस्फोट में हत्या।
1998 – 'गोलामुक्ति संग्राम' के प्रमुख नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी सिंघनाथ नारायण लगाडे का निधन।
2000 – सिडनी में 27वें ओलंपिक खेलों का शुभारम्भ।
2001 – अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति को अफ़ग़ानिस्तान पर सैनिक कार्रवाई की मंजूरी दी।

वार्ता भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की बैठक में जयशंकर बोले

वियतनाम 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का अहम साझेदार

नई दिल्ली, । विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग पर भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग के 19वें सत्र की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वियतनाम के विदेश मंत्री ले ह्यूआई ट्रुंग और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि तीन साल पहले हुई पिछली संयुक्त आयोग की बैठक के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी प्रगति हुई है। इस दौरान वियतनाम की ओर से दो महत्वपूर्ण राजकीय यात्राएं हुई हैं। इनमें सबसे हाल की यात्रा वियतनाम के महासचिव और राष्ट्रपति तो लम की भारत यात्रा रही।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के नेताओं ने आपसी संबंधों को बढ़ाकर 'एडवांस्ड कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप' के स्तर तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि यह खास बात है कि इस क्षेत्र में वियतनाम पहला देश है, जिसके साथ भारत ने संबंध इस स्तर तक पहुंचे हैं।

इसलिए संयुक्त आयोग की यह 19वीं बैठक हमारे लिए एक बहुत अच्छा अवसर है, ताकि हम अब तक किए गए वादों और समझौतों की प्रगति की समीक्षा कर सकें और दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बनाए गए सकारात्मक माहौल को आम लोगों के लिए ठोस और व्यावहारिक परिणामों में बदल सकें।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत के लिए वियतनाम 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी', 'महासागर' दृष्टिकोण और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की हमारी सोच का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। वियतनाम, आसियान के साथ हमारे व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के प्रयासों में भी एक अहम सहयोगी है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में आयोजित 18वें निक्स शिखर सम्मेलन में साझेदार देश के रूप में प्रधानमंत्री की सार्थक भागीदारी के लिए हम उनका धन्यवाद करते हैं। मैं आज आपके साथ उपयोगी और सकारात्मक चर्चा की उम्मीद करता हूं और यहां उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करता हूं।



मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि तीन साल पहले हुई पिछली संयुक्त आयोग की बैठक के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी प्रगति हुई है : एस जयशंकर

दुनिया को जानें

चीन ने पानी में निगरानी के लिए बनाई 'रोबोटिक मछली'

बीजिंग, । चीन ने मछली जैसा दिखने वाला एक अंडरवाटर रोबोट बनाया है जो पानी के अंदर अपने आप तैर सकता है। यह देश के आयोम्पिटेक रोबोटिक सिस्टम के बढ़ते विकास को दिखाता है, जिनका इस्तेमाल पानी के नीचे निगरानी और टोल लेने में किया जा सकता है। बोयागोंगदाओ मरीन टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा विकसित BG-S गोल्डन ड्रैगन फिश का प्रदर्शन बीजिंग के शौंगांग पार्क में 2026 चीन अंतरराष्ट्रीय सेवा व्यापारमेले में किया गया।

यह रोबोट 'गोल्डन एरोवाना' मछली जैसा दिखता है और असली मछली की तरह पंखों के लिए कई जोड़ों वाली पूंछ का इस्तेमाल करता है। प्रदर्शनी में शामिल एक कर्मचारी के मुताबिक, यह रोबोट पहले से तय पैंसले के रास्ते पर नहीं चलता है। इसके बजाय, इसके सेंसर रुकावटों का पता लगाते हैं और इसे अपनी चाल खुद तय करने में मदद करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोबोट का वजन 3 किलोग्राम है और इसकी पूंछ पर तीन जोड़ हैं जो सात हिस्सों में जुटे हैं। कंपनी के प्रोडक्ट कैटलॉग के अनुसार, BG-S की लंबाई 640 मिमी, चौड़ाई 204 मिमी और ऊंचाई 90 मिमी है। इसका वजन 3 किलोग्राम है।

कैबिनेट बैठक में 23 अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

एक्सप्रेसवे से लेकर शिक्षा और रोजगार तक लिए गए बड़े फैसले

- किसानों को छह प्रतिशत ब्याज पर छह लाख रुपए तक ऋण
- पीआरडी जवानों को कैशलेस इलाज की सुविधा



लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई कैबिनेट बैठक में विकास और जनकल्याण से जुड़े 23 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। फैसलों में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, परिषदीय विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल बनाने, खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने, किसानों को सस्ती दर पर ऋण और पूर्व अग्निवीरों को सरकारी भर्ती में आरक्षण देने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास को लेकर भी निर्णय लिए गए। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेसवार्ता में स्वीकृत प्रस्तावों की जानकारी दी। कैबिनेट में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को विकसित करने के लिए संशोधित परियोजना प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। 15.172 किलोमीटर लंबे प्रवेश नियंत्रित छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण ईपीसी मोड पर कराया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 1,008.67 करोड़ रुपये है, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। निर्माणकर्ता के चयन के लिए ग्लोबल बिड आमंत्रित की जाएगी। इससे बुंदेलखंड से चित्रकूट धाम तक आवागमन सुगम होने और पर्यटन को गति मिलने की उम्मीद है। बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण वाले परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इससे सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम होगा। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को रियायती ब्याज दर पर दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराने का फैसला किया गया।

अन्य महत्वपूर्ण फैसले

औद्योगिक विकास एवं रोजगार

❍ उत्तर प्रदेश के अभियांत्रिकी विभागों में कार्य के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए वित्तीय नियमों के तहत अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों की सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी

❍ उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम लिमिटेड की छाता शुगर कंपनी लिमिटेड, जनपद मथुरा में कंसेशन-कम-लीज के माध्यम से 120 केएलपीडी एथेनॉल उत्पादन संयंत्र की स्थापना को मंजूरी।

❍ उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में वर्ल्डफिश परियोजना के संचालन के लिए राज्य सरकार, मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश और वर्ल्डफिश के बीच समझौता ज्ञापन पर अनुमोदन।

सुरक्षा और प्रशासन

❍ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना के लिए अयोध्या के मिल्कीपुर तहसील स्थित ग्राम पूरे लाल खान में लगभग 65 एकड़ बंजर भूमि भारत सरकार को निशुल्क आवंटित करने की मंजूरी।

❍ 10 वर्ष तक की अवधि के किरायेदारी/पट्टा विलेखों पर प्रभावी स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट देने का प्रस्ताव पास।

ग्रामीण विकास और जनकल्याण

❍ प्रदेश में वाहनों की तकनीकी स्वस्थता को सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की जांच हेतु स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) की स्थापना संबंधी नीति में संशोधन को मंजूरी।

❍ प्रांतीय रक्षक दल के स्वयंसेवकों की ड्यूटी भत्ता दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव स्वीकृत।

❍ प्रदेश की उचित दर दुकानदारों को वितरित खाद्यान्न की मात्रा के सापेक्ष 25 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त मार्जिन मनी देने का फैसला।

शहरी विकास

❍ लखनऊ, उन्नाव और रायबरेली को मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के तहत विकसित करने के लिए धनराशि स्वीकृत करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी।

❍ लखनऊ में स्वीकृत हाईटेक टाउनशिप परियोजना को पूर्ण किए जाने के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

वेंक्टेश्वरा विवि तथा विम्स के तत्वावधान में गणपति उत्सव भव्य शुभारंभ



मेरठ, । राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान एवं विम्स के संयुक्त तत्वाँधान में 12 दिनों तक चलने वाले ''गणपति उत्सव'' का भव्य/दिव्य शुभारम्भ हो गया। गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ यह दिव्य सांस्कृतिक आयोजन अनन्त चतुर्थी/विसर्जन तक चलेगा। इस बारह दिवसीय गणपति उत्सव में नासिक से आये मशहूर ''गणपति बैन्ड'', राजस्थान घराने के क्लासिकल सिंगर डॉ0 पं0 शिवदर्शन दुबे की भजन संध्या, प्रस्तुति पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा का गणपति जी पर आध्यात्मिक विशलेषण, विख्यात ओज कवि डॉ. राहुल अवस्थी एवं डॉ. चेतन आनन्द की प्रस्तुति समेत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित होगें।

गणपति उत्सव के प्रथम दिवस पर शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डॉ. मधु चतुर्वेदी, विम्स कल्चर कमेटी की चैयरपर्सन डॉ. सुप्रीति भटनागर समेत हजारों छात्र-छात्राओं ने गणपति बप्पा की विशाल प्रतिमा को ढोल नगाडो एवं आतिशबाजी के बीच संस्थान के इकोपार्क स्थित विशाल पूजा पंडाल में पंडित आचार्य रामनिवास शास्त्री सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना करके, एवं गणपति जी की विशाल प्रतिमा को स्थापित किया। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या में संस्थान में छात्र-छात्राओं ने गणपति जी के भजनों एवं गीतो ''देवा श्री गणेश देवा, घर में पधारो गजानन जी म्हारे घर में पधारो, मोरिया रे मोरिया, देवा ओ देवा गली गली में तेरे नाम का है शोर, तेरी जय हो गणेश आदि पर शानदार प्रस्तुतियां देकर ''गणपति उत्सव'' के शुभारम्भ को यादगार बना दिया।

शास्त्रीनगर में अवैध निर्माण जारी, अधिकारी मौन

मेरठ, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। आवास विकास परिषद के क्षेत्र में कथित नए अवैध निर्माणों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शास्त्री नगर में के-1263 और 12/10 सहित कई स्थानों पर निर्माण कार्य चलने की चर्चा है। इन निर्माणों में निर्धारित सेटबैक और अन्य भवन मानकों का पालन नहीं हो रहा है। पुराने निर्माणों पर नोटिस और कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में नए निर्माण रोकने के लिए विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा।

सार संक्षेप

इंजीनियर्स डे पर अभियन्ताओं के योगदान को किया गया नमन

मेरठ। प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता(आई.ए.एस.) की अध्यक्षता मे डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन, मेरठ के सभागार मे आज अभियन्ता दिवस का आयोजन किया गया। प्रबन्ध निदेशक एवं निदेशकगण द्वारा दीप प्रज्जवलित कर, कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम मे भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयन्ति के अवसर पर, उनके योगदान को नमन करते हुए, अभियन्त्रण क्षेत्र की भूमिका एवं उपलब्धियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के विगत पावर सेक्टर के संबंध मे प्रस्तुतीकरण के साथ-साथ वैदिक काल एवं मोर्डन इन्जिनियरिंग के पारस्परिक संबंध पर भी प्रस्तुतीकरण किया गया। अभियन्ता दिवस के अन्तर्गत डिस्कॉम के अभियन्ताओं द्वारा सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवा, स्वच्छ ऊर्जा, विद्युत सुरक्षा एवं सत्यनिष्ठा के साथ विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

शोभित विवि में इंजीनियर्स डे पर कार्यशाला आयोजित

मेरठ। शोभित विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स डे के मौके पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को गेट परीक्षा की तैयारी कैसे करें, इस बारे में बताया गया। यह कार्यशाला मानविकी, भौतिक एवं गणितीय विज्ञान संकाय की ओर से विश्वविद्यालय के सभागार में रखी गई थी। इसमें छात्रों को पढ़ाई की सही रणनीति, सवाल हल करने के तरीके, समय का सही इस्तेमाल और आगे पढ़ाई व शोध के मौकों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनोद कुमार त्यागी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि अभियंता दिवस देश के लिए बहुत खास है क्योंकि इंजीनियर देश बनाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को नई सोच और शोध की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आज इंजीनियरिंग सिर्फ तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की सामाजिक और आर्थिक तरक्की में भी मदद करती है।

किसानों को रकबे और पर्ची संबंधी जानकारी मिलेगी

मवाना। सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड मवाना में मंगलवार को समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ किया गया। समिति अध्यक्ष विनोद कुमार भाटी ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान प्रबंध कमेटी के अधिकांश डायरेक्टर भी मौजूद रहे। मेले में किसानों को उनके गन्ना रकबे, सट्टा, पर्ची और गन्ने से संबंधित अन्य दर्ज जानकारी का अवलोकन कराया जा रहा है। किसानों को अपने रिकॉर्ड की जांच करने का मौका मिलेगा, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि होने पर समय रहते उसे ठीक कराया जा सके। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक भूपेश कुमार राय और प्रभारी सचिव विक्रम बहादुर सिंह ने अध्यक्ष विनोद कुमार भाटी का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

सूचना

पहले मेरा नाम HASEEN AHMED था अब मैने अपना नाम बदलकर HASEEN AHMAD रख लिया है। अब भविष्य में मुझे HASEEN AHMAD पुत्र **ABDUL HAKEEM** से जाना जाए। **HASEEN AHMAD** पुत्र **ABDUL HAKEEM** मोहल्ला तिहाई मवाना।

कृषक पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने थाने पहुंचकर की शिकायत

मवाना, । कृषक पीजी कॉलेज मवाना के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए मंगलवार को थाना मवाना पहुंचकर शिकायत की। छात्र-छात्राओं का आरोप है कि कॉलेज के प्रधानाचार्य विमलेश मिश्र और ऑडिटरध्कॉर्डिनेटर नवीन द्वारा एडमिशन के लिए पहुंचने वाले विद्यार्थियों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है और उनका प्रवेश नहीं लिया जा रहा। इससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित होने की आशंका है। मंगलवार को छात्र-छात्राएं एकत्र होकर थाना मवाना पहुंचे और थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्म कुमार त्रिपाठी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की। छात्र-छात्राओं ने पुलिस को बताया कि वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत कॉलेज में एडमिशन के लिए जा रहे हैं, लेकिन आरोप है कि कॉलेज प्रशासन की ओर से उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। उनका कहना है कि प्रवेश नहीं मिलने के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और समय निकलने के साथ उनका भविष्य खराब होने की स्थिति बन रही है।

मुफ्तीवाड़ा में जर्जर दीवार बनी मौत का साया, निवासियों में दहशत

- एक सप्ताह में दो बार गिर चुका है दीवार का हिस्सा
- अनहोनी के डर से बच्चों का घर से निकला हुआ बंद
- वार्ड संख्या-69 के मुफ्तीवाड़ा मौहल्ले का है मामला



मेरठ, । एक पुराने मकान की जर्जर दीवार गिरने से आसपास के निवासियों में भय का माहौल है। नगर निगम के वार्ड संख्या-69 स्थित मुफ्तीवाड़ा मोहल्ले में मकान संख्या-11 की दीवार का कुछ हिस्सा दो बार गली में गिर चुका है। जिससे जान-माल का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। निवासियों ने एसडीएम को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने एक संयुक्त शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मकान संख्या-11 के मालिक स्व. लतीफ अहमद के उत्तराधिकारी शदमान अहमद, कामरान अहमद, रफीक अहमद और आसिफ खुसरो पुत्र स्व. सैयद अहमद हैं। यह मकान अत्यंत पुराना और जर्जर अवस्था में है। 6 अगस्त 2026 को मकान की दीवार का एक हिस्सा अचानक गली में गिर गया। इससे एक स्कूटर और एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। मकान मालिक लतीफ अहमद ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

11 अगस्त 2026 को दूसरा हिस्सा भी रास्ते में गिर गया। गली में खेल रहे छोटे बच्चे फिर बाल-बाल बचे। जिसके बाद से यहां के निवासियों में भय का माहौल है। मकान का बाकी हिस्सा भी अत्यंत जर्जर हालत में है और कभी भी दीवार गिर सकती है। इससे गली से गुजरने वाले लोगों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुराने और खतरनाक मकान की दीवार समस्या बन रही हैं। ऐसे में प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे कोई अनहोने न हो सके।

जर्जर सड़कों के निर्माण को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

मवाना, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र में जर्जर हो चुकी सड़कों के निर्माण और जलभराव की समस्या के समाधान की मांग को लेकर पूर्व राज्य मंत्री प्रभु दयाल वाल्मीकि समेत अनेक सपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों ने तहसील में प्रदर्शन किया। इस बाबत मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मवाना को सौंपा है। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर जनहित में सड़कों का निर्माण कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि विधानसभा क्षेत्र की कई प्रमुख सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मांग की गई है कि मवाना से मखदूमपुर, चेतावाला से रामराज, बना गांव, बस्तौरा नारंग गांव का संपर्क मार्ग,मवाना सोसाइटी से मेरठ हाईवे तक बाईपास तथा ब्लॉक मवाना से बड़ा महादेव मंदिर तक की सड़क का निर्माण जल्द कराया जाए। इसके अलावा चेतावाला से मखदूमपुर,पक्का तालाब से तहसील मवाना चैराहा, मवाना से भैंसा तथा मटौरा से जाहरवीर की माढ़ी तक जर्जर सड़क का निर्माण कराने की मांग की गई है। ग्राम सिखेड़ा में करीब एक किलोमीटर क्षेत्रमेंजलभराव की समस्या दूर कराने की भी मांग रखी गई है।

स्कूल सुरक्षा ऑडिट स्कूलों की दशा सुधारने का प्रयास : मुकन्द वल्लभ



मेरठ, । उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार टाइम्स प्रो लखनऊ की टीम द्वारा जनपद के अधिकांश सरकारी विद्यालयों में स्कूल सुरक्षा ऑडिट किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय श्योल्दा (ब्लाक माछरा) का स्कूल सुरक्षा आडिट संपन्न हुआ।

आपदा प्रबंधन विषय विशेषज्ञ मुकंद वल्लभ शर्मा ने कहा कि स्कूल सुरक्षा आडिट सभी स्कूलों की दशा सुधारने का ईमानदार प्रयास है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह आडिट जोनल कोऑर्डिनेटर देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में चल रहा है। मेरठ में डीसी नरेंद्र कुमार और आईटी विशेषज्ञ शिवम के सहयोग से इसे प्रभावी रूप दिया जा रहा है। श्योल्दा विद्यालय का आडिट मुकंद वल्लभ शर्मा, सिविल इंजीनियर केशव कुमार तथा अग्नि विशेषज्ञ विवेक कुमार द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती सविता शर्मा की उपस्थिति में टीम ने सुरक्षा व्यवस्थाओं व आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। रसोई, शौचालय, पेयजल, स्वच्छता, दिव्यांग छात्रों की सुविधाएं, कक्षाएं, स्टाफ रूम, गतिविधि कक्ष, गेट, खिड़कियां, टीवी और इमरजेंसी लाइट आदि का बारीकी से मूल्यांकन कर कमी या आवश्यकता संबंधी जानकारी उत्तर प्रदेश शासन को ऑनलाइन भेजी गई तथा प्रधानाचार्य को अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सविता शर्मा सहित सहायक अध्यापक चंचल रानी, ओम, रुचि, पूजा, मुक्ति प्रकाश, हरितोश शर्मा, राजीव कुमार, सेतिया त्यागी, निशी गुप्ता एवं सभी रसोइए उपस्थित रहे।

रिश्वत लेते दबोचा आवास विकास का संविदाकर्मी

मेरठ, । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले मकान की रजिस्ट्री कराने के नाम पर रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। आवास विकास कार्यालय में तैनात आउटसोर्स कर्मचारी अभिनव शर्मा को एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को छह हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया।

किनानगर निवासी रंजना को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान आवंटित हुआ था। आवंटन के बाद रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर अभिनव शर्मा ने महिला से छह हजार रुपये की रिश्वत मांगी। रंजना ने शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। टीम ने आरोपों का सत्यापन करने के बाद ट्रैप बिछाया। महिला को केमिकल लगे नोट देकर कार्यालय भेजा गया। जैसे ही उसने रकम दी, टीम ने आरोपी को दबोच लिया और रिश्वत की रकम बरामद कर ली।



रंजना के पति कोरोना काल में गुजर गए थे। वह चार बच्चों के साथ रहती हैं। फरवरी में मकान आवंटित होने के बाद उन्होंने ब्याज पर पैसा लेकर 76 हजार रुपए का डाउन पेमेंट जमा किया था। फाइल अभिनव शर्मा के पास पहुंचने के बाद उन्होंने रजिस्ट्री के लिए 6200 रुपए मांगे। दबाव बढ़ने पर रंजना ने एंटी करप्शन से शिकायत की। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। टीम पूछताछ कर यह भी पता लगाने में जुटी है कि क्या इस मांग के पीछे कोई अन्य कर्मचारी या अधिकारी भी शामिल थे तथा अन्य लाभार्थियों से भी रकम तो नहीं मांगी गई। ईएमओ सुनील शर्मा ने बताया कि जिस फाईल पर पैसे लेने की बात सामने आ रही है उस फाईल को तो वह 11 सितंबर को ही निस्तारित कर चुके हैं।

> परिषद में नीचले क्रम से लेकर ऊपर तक के सभी अधिकारी भ्रष्ट हैं। आज पकड़ा एक गया है जेल सबको भेजना चाहिए।
> -डा. संदीप पहल, सामाजिक कार्यकर्ता

आयोजन *उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ओर से रक्तदान का आयोजन*

प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को नियमित रूप से लगाया जा रहा रक्तदान शिविर

- ब्लड डोनेट करने वालों की संख्या देख जिलाधिकारी ने की सराहना
- अन्य जनपदों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

मेरठ, । मंगलवार को उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के तत्वावधान में लोक निर्माण विभाग में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महासंघ के प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय इंजीनियर आर.के. दत्त जी की पुण्यतिथि एवं अभियंता दिवस (इंजीनियर्स डे) के अवसर पर आयोजित किया गया। महासंघ द्वारा प्रतिवर्ष 15 सितंबर को नियमित रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष भी महासंघ के सदस्यों ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

जिला मेरठ के विभिन्न सरकारी विभागों के अभियंताओं, कर्मचारियों तथा आसपास के अन्य जनपदों के कई सरकारी विभागों के अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। पूरा आयोजन लोकप्रिय अस्पताल की विशेषज्ञ मेडिकल टीम की देखरेख में संपन्न हुआ, जहां डोनर्स की स्वास्थ्य जांच के बाद ही रक्तदान लिया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) और डोनर कार्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके लिए पौष्टिक जलपान और आराम की उचित व्यवस्था भी की गई थी। इसमें मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, नगर निगम, जल निगम, इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल विभाग, लघु सिंचाई विभाग आदि विभाग शामिल रहे। शहर के अनेक लोगों ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी वी.के. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नुपूर गोयल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति, नगरायुक्त सौरभ गंगवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामप्रसाद आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों की संख्या देखकर सराहना की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के अंकित डांडी (जिला अध्यक्ष), इंजीनियर संदीप कुमार शर्मा (उपमहासमिति सचिव पश्चिम), इंजीनियर राजेश कुमार (मंडल सचिव), इंजीनियर शेरपाल शोलंकी, इंजीनियर कपिल, इंजीनियर दीपक, इंजीनियर अनिल, इंजीनियर अरविंद आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति ने सभी रक्तदाताओं, मेडिकल टीम, वालंटियर्स और मीडिया कर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प लिया।





स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक आशीष शंकर पाण्डेय ने सपोर्ट फाउंडेशन प्रिंटिंग प्रेस रामपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर मुख्य कार्यालय:पता हाउस नंबर 82, आशीष फार्म हाउस, स्योडारा रोड, मोहल्ला अब्दुल्ला, बिलारी,मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश - 244411. से प्रकाशित एवं वितरित किया। अंक में प्रकाशित सभी लेखों/समाचारों का उत्तरदायित्व स्वयं सम्बन्धित पत्रकार/लेखक का होगा। समस्त वाद विवाद का क्षेत्र मुरादाबाद न्यायालय में होगा। संपादकः आशीष शंकर पाण्डेय मो.9058868068, 9058961061